

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष : 16 अंक : 209 | उज्जैन, गुरुवार 8 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

शब्द चाबी की तरह होते हैं, सही चुनें तो दिल का दरवाजा खोल देते हैं, और गलत चुनें तो दरवाजे बंद कर सकते हैं!

## न्यूज ब्रीफ

### गजनी ने लूटा, लेकिन नेहरू को थी सोमनाथ से नफरत, भाजपा सांसद का बड़ा आरोप; जारी किए फैक्ट्स



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 जनवरी को जाने वाले हैं, उससे पहले भाजपा ने दस्तावेजों के जरिए कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर हमला तेज कर दिया है। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी नए आरोपों के साथ सामने आए। कुछ पुराने पत्रों को सार्वजनिक करते हुए गंभीर आरोप लगाया कि अतीत में सोमनाथ को मोहम्मद गजनी और खिलजी ने लूटा, लेकिन आजाद भारत में भगवान सोमनाथ से सबसे अधिक नफरत पंडित नेहरू को थी। भाजपा सांसद डॉ. त्रिवेदी ने एक पत्र साझा करते हुए दावा किया कि पंडित नेहरू ने 21 अप्रैल 1951 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को प्रिय नवाबजादा कहकर संबोधित करते हुए पत्र लिखा और उसमें सोमनाथ के दरवाजों की कहानी को पूरी तरह से झूठा बताया। पंडित नेहरू ने लियाकत अली खान के आगे एक तरह से सरेंडर करते हुए लिखा कि सोमनाथ मंदिर के निर्माण जैसा कुछ नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय दूतावासों को पत्र लिखकर सोमनाथ ट्रस्ट को किसी भी तरह की सहायता देने से साफ मना किया, जिसमें अभिषेक समारोह के लिए नदी से पानी के अनुरोध भी शामिल थे। सुधांशु त्रिवेदी ने एक्स पर एक और पत्र के अंश साझा करते हुए आरोप लगाया कि चीन में भारत के राजदूत केएम पनिक्कर को लिखे पत्र में नेहरू ने खुले तौर पर माना कि उन्होंने राष्ट्रपति के सोमनाथ मंदिर दौरे के असर को कम करने की कोशिश की थी।

# देश और प्रदेश के गांवों की तस्वीर बदल देगी विकसित भारत जी-राम-जी योजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**यह योजना मजदूर और किसान दोनों के लिए लाभकारी, ग्रामीण विकास में होगी सहायक**

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन्हें समृद्ध और सशक्त बनाना ही हमारा मूल लक्ष्य है। इसके लिए हम वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे है। इस वर्ष कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। हम सभी विभागों और कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वयंसेवी संगठनों, संस्थाओं और व्यक्तियों के साथ मिलकर किसानों के कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के 15 से अधिक बड़े विभाग कृषि वर्ष मनाने में सक्रिय भूमिका निभायेंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के नेतृत्व में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, जल संसाधन, सहकारिता, ऊर्जा, राजस्व, वन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन सहित मंडी बोर्ड, बीज निगम, कृषि अभियांत्रिकी, एमपी एग्रो, दुग्ध संघ, मार्कफेड, एमपी वेयर हाऊसिंग एंड लॉजीस्टिक्स निगम और ग्रामीण आजीविका विकास मिशन विभिन्न रोजगार आधारित विकास गतिविधियों के जरिए किसानों के कल्याण के लिए संयुक्त रूप से प्रभावी प्रयास करेंगे।



क्या है विकसित भारत जी-राम-जी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। %हर हाथ को काम% मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले किसानों को कृषि से जुड़े कामों के लिए श्रमिक ही नहीं मिलते थे, पर वीबी जी-राम-जी योजना में कृषि के व्यस्ततम समय, विशेषकर बुवाई और कटाई के समय पर्याप्त मात्रा में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। इस अधिनियम में राज्यों को एक वित्त वर्ष में कुल 60 दिन की अवधि अधिसूचित करने का प्रावधान किया गया है, बीज बुवाई एवं फसल कटाई की व्यस्ततम समयावधि को भी रोजगार उपलब्ध कराने की अवधि में शामिल किया जा सकेगा। प्रावधान के अनुसार इस अवधि में अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित अन्य कार्य नहीं किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए हम समुचित कार्य योजना बनाने जा रहे हैं। इससे मिशन को गतिपूर्वक संचालित किया जाएगा। इसमें गोपालन को बढ़ावा दिया जाएगा, साथ ही कई अन्य सुधार भी इस अधिनियम के दायरे में रहकर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर जिले में स्टॉल्स, मार्केट आदि लगाने की व्यवस्थाएं भी की जाएगी। हमने तय किया है कि हर जिले में स्टॉल्स के माध्यम से किसानों के प्राकृतिक उत्पाद आमजन को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए हम सभी किसानों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में पहले 6 प्रतिशत प्रशासनिक अमला तैनात किया गया था। विकसित भारत जी-राम-जी योजना में इस कार्यकारी अमले की तादाद बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। इससे योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेहिता बढ़ेगी, साथ ही सभी गतिविधियों को पूरी पारदर्शिता से अंजाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार तय मानकों के आधार पर देश के हर राज्य को एक निश्चित राशि भी देगी। अधिनियम में ग्रामीण आजीविका निर्माण के स्थाई स्त्रोत विकसित करने पर जोर दिया गया है। इससे ग्रामीणों के देशज ज्ञान, कौशल, उद्यमिता और उनमें निहित कला प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## आवारा जानवरों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से भी लोग गंवा रहे जान : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** स्थानीय निकायों की ओर से नियमों और निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि देश में लोग न केवल कुत्तों के काटने से मर रहे हैं, बल्कि सड़कों पर आवारा जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से भी मर रहे हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ कुत्ता प्रेमियों की सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेशों में संशोधन की याचिकाओं और आदेशों का सख्ती से पालन करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि वह इसलिए सुनवाई कर रही है क्योंकि कई वकीलों और पशु कार्यकर्ताओं ने दावा किया था कि सात नवंबर का आदेश पारित करने से पहले उनकी बात नहीं सुनी गई। पीठ ने कहा, सड़कों पर कुत्ते और आवारा जानवर नहीं होने चाहिए। यह सिर्फ कुत्तों के काटने की बात नहीं है, बल्कि सड़कों पर आवारा जानवरों का घूमना भी खतरनाक साबित हो रहा है और दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। कोई नहीं जानता कि सुबह किस कुत्ते का क्या मूड होता है। स्थानीय निकायों को नियमों, माड्यूल और निर्देशों का सख्ती से क्रियान्वयन करना होगा।

जस्टिस मेहता ने बताया कि पिछले 20 दिनों में राजस्थान हाई कोर्ट के दो जज दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं और उनमें से एक जज अभी भी रीढ़ की हड्डी में चोटों से पीड़ित हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है।

# पश्चिम एशिया में बढ़ती अस्थिरताः नेतान्याहू ने किया पीएम मोदी को फोन, क्या हुई बातचीत?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता और गाजा में शांति योजना के कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। दोनों नेताओं ने नए साल की शुभकामनाएं साझा की और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इस वार्ता में दोनों ने भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। पश्चिम एशिया की स्थिति फिलहाल नाजुक बनी हुई है। गाजा में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित शांति योजना के पहले चरण के बावजूद स्थिति के बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

पीएम मोदी और नेतन्याहू ने नए साल की शुभकामनाएं दीं- इजरायल की तरफ से मानवीय सहायता पर प्रतिबंध व उसकी तरफ से सेना में कमी नहीं करने की वजह तनाव जारी है। कई रिपो?र्ट्स में चेतावनी दी गई है कि 2026 में यहां संघर्ष बढ़ सकता है। सिर्फ गाजा ही नहीं बल्कि लेबनान, यमन और ईरान से जुड़े मुद्दे भी कभी भी भड़क सकते हैं।

ऐसे में नेतन्याहू की तरफ से पीएम मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन पर ब्रिफिंग दी गई। इस पर मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति के प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो टोलेरेंस की नीति दोहराई और इस खतरे से लड़ने की प्रतिबद्धता जताई।

उन्होंने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और निकट भविष्य में संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब भारत और इजरायल के संबंध तेजी से प्रगाढ़ हो रहे हैं। 2025 को दोनों देशों के लिए मील का पत्थर वाला वर्ष माना जा रहा है, जिसमें उच्च स्तरीय दौरों, द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआइटी), रक्षा सहयोग समझौता के नवीकरण और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए शर्तों के निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

## लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर चुनाव आयोग करेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** देश के अंदर भले ही चुनाव आयोग विपक्ष के निशाने पर हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे सराहा जा रहा है। करीब सौ करोड़ मतदाताओं की हिस्सेदारी वाले चुनाव को कम समय में और पारदर्शी तरीके से कराने के अपने तौर-तरीके व अनुभवों को भारत निर्वाचन आयोग अब दुनिया के साथ साझा करेगा। लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर 21 से 23 जनवरी 2026 के बीच नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया के करीब 90 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) चुनाव से जुड़ी किसी एक बेहतर पहल पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान बिहार के सीईओ वोटर रजिस्ट्रेशन पर प्रस्तुति देंगे तो हरियाणा और चंडीगढ़ के सीईओ ईवीएम पर प्रस्तुति देगें। वहीं यूपी के सीईओ कानून-व्यवस्था पर प्रस्तुति देंगे। चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से जुड़ी जानकारी देते हुए इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (ट्रिपलआइ डीइएम) के महानिदेशक राकेश वर्मा ने बताया कि अब तक करीब 44 देशों ने सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अपनी सहमति दे दी है।

सम्मेलन में इसके साथ ही चुनाव प्रबंध से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का वैसे तो मुख्य विषय चुनावी पारदर्शिता को कैसे और मजबूत किया जाए। साथ ही चुनावों को फेक नैरेटिव जैसी चुनौतियों से कैसे बचाया जाए।

सम्मेलन में पहली बार चुनाव प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों और IIT, IIM, एनएलयू व IIMC जैसे शीर्ष संस्थानों को भी आमंत्रित किया गया है। जो न सिर्फ चुनाव के सामने खड़ी होने वाली वैश्विक चुनौतियों को समझेंगे, बल्कि उससे निपटने के उपायों का रास्ता भी सुझाएंगे।

वैश्विक सम्मेलन में पहली बार सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को चुनाव पारदर्शिता के लिए अपनाई जाने वाली अपनी बेहतर पहलों को प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। इनमें वोटर रजिस्ट्रेशन, पोस्टल बैलेट, ईवीएमव कानून-व्यवस्था, राजनीतिक दलों से जुड़ा नियमन व मतदाता की पात्रता आदि शामिल है।




# क्राइम ब्रांच इंदौर की बड़ी कार्रवाई, कोकिन के साथ जिम ट्रेनर अशद गिरफ्तार







**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देश पर क्राइम ब्रांच द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कोकिन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की पतारसी कर रही थी। इस दौरान एमपी टूरिज्म के पास 12 पत्थर आम रोड क्षेत्र में एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की सफेद रंग की स्कूटर के साथ अंधेरे में खड़ा मिला, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर वह घबरा गया, जिस पर टीम ने घेराबंदी कर उसे रोका।

नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम अशद शेख, निवासी खजराना इंदौर बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ कोकिन बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से बिना नंबर प्लेट की सफेद स्कूटर और एक आईफोन मोबाइल भी जब्त किया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में कोकिन बेचने की बात स्वीकार की है। आरोपी पेशे से जिम ट्रेनर है और 'लायन' नाम से अवैध धंधा चलाता था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है।

आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 03/26 धारा 8/21(क्ष) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से मादक पदार्थों के स्रोत और उसके नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

क्राइम ब्रांच इंदौर की इस कार्रवाई को नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार माना जा रहा है और आगे भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहने की बात पुलिस द्वारा कही गई है।

## इंदौर 311 और कंट्रोल रूम से मिली जलप्रदाय शिकायतों का त्वरित समाधान, 260 से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देशानुसार नगर निगम इंदौर द्वारा शहर की नर्मदा जलप्रदाय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जनसुविधाजनक बनाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बिजलपुर स्थित नर्मदा कंट्रोल रूम पर जलप्रदाय से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

इस कंट्रोल रूम के माध्यम से नागरिक नर्मदा पाइपलाइन से संबंधित विभिन्न समस्याओं की शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। इनमें पाइपलाइन का मलबा उठवाना, दूषित पानी की आपूर्ति, बोरिंग खराब होना, रेस्टोरेशन कार्य, पाइपलाइन लीकेज और पानी नहीं आने जैसी समस्याएं शामिल हैं। नागरिक इंदौर 311 मोबाइल एप के साथ ही हेल्पलाइन नंबर 7440443500 एवं 7440440511 के माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं।

नगर निगम द्वारा शहर के सभी जोन क्षेत्रों से प्राप्त जलप्रदाय संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी के तहत विगत चार दिनों में प्राप्त शिकायतों में से 260 से अधिक शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। इससे नागरिकों को राहत मिली है और जलप्रदाय व्यवस्था में भी स्पष्ट सुधार देखने को मिला है।

इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन, कंट्रोल रूम तथा संबंधित जोनल कार्यालयों में लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए भी प्रकरण संबंधित विभागों को भेज दिए गए हैं, जिन पर निरंतर कार्यवाही जारी है। नगर निगम इंदौर का निरंतर प्रयास है कि शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए।

## नए मरीज अब कम निकल रहे भागीरथपुरा में, अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या भी घटी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा में अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। नए मरीज अब कम आ रहे है और जो मरी अस्पताल में भर्ती है। वे भी डिस्चार्ज हो रहे है। सोमवार को 110 मरीज अस्पताल में भर्ती थी। अब उनकी संख्या 99 रह गई है। बुधवार को दस से ज्यादा मरीजों की अस्पाल से छुट्टी हो जाएगी। वहीं मंगलवार को नए दस से मरीज निकले। जिनका घरों पर ही उपचार हो रहा है। उनमें भी डायरिया के लक्षण कम है।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में का दौरा किया। बस्ती में पांच एम्बुलैंस के अलावा 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। गंभीर मरीजों को एमवाय चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल और बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। फिलहाल 18 मरीज आईसीयू में है। उनमें से तीन वेंटिलेटर पर है। मंगलवार को टीमों ने कुल 5013 घरों तक पहुँच बनायीं। जिसमें लगभग 24 हजार 786 लोगों को किट वितरण की गई।

नगर निगम ने भागीरथपुरा टंकी की भी सफाई की है। टंकी के पानी को सुपर क्लोरिनेट कर वितरित किया जा रहा है। पानी की शुद्धता 2 पीपीएम है। मंगलवार को पाइप लाइनों की भी सफाई की गई है। इसके अलावा बस्ती की पांच सौ से ज्यादा हौज की भी सफाई नगर निगम के अमले ने की। दरअसल हौज ज्यादा भरने के बाद पानी फिर नलों से लाइनों में जाता है। यदि हौज में गंदा पानी रहता है तो फिर वह दूसरे दिन होने वाली सप्लाई के दौरान पानी को दूषित करता है। भावित क्षेत्र के सभी ड्रेनेज चेम्बर, बेकलेन आदि की सफाई करायी जा रही है।

## 31 मार्च तक वाहन कर बकाया पर 90 प्रतिशत छूट, अधिकृत सेंटर से स्क्रैप कराने पर मिलेगा बड़ा लाभ

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बड़ी राहत देते हुए मोटरयान कर एवं पेनाल्टी के बकाया भुगतान पर 90 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की है। यह छूट मध्य प्रदेश शासन, परिवहन विभाग, की अधिसूचना दिनांक 12 अगस्त 2025 के तहत दी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मोटरयान कर बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस एकमुश्त जमा योजना का लाभ उठाकर बकायादारों की सूची से नाम हटवाएं और स्क्रैपिंग के बाद नया वाहन खरीदने पर दोहरा लाभ प्राप्त करें। एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से उन वाहन स्वामियों के लिए फायदेमंद है, जिन पर लंबे समय से मोटरयान कर बकाया चला आ रहा है। योजना के माध्यम से न केवल भारी छूट मिल रही है, बल्कि पुराने और अनुपयोगी वाहनों से भी छुटकारा पाया जा सकता है। कई वाहन स्वामी इस योजना का लाभ लेना शुरू कर चुके हैं। आग्रह किया गया है कि ऐसे सभी वाहन स्वामी जिनके वाहनों पर मोटरयान कर अथवा शास्ति बकाया है, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। इसके आदेश के अनुसार राज्य में पंजीकृत किसी भी प्रवर्ग और किसी भी आयु-सीमा के ऐसे मोटरयान, जिन पर मोटरयान कर और पेनाल्टी शास्ति की राशि बकाया है, यदि उन्हें मध्य प्रदेश की किसी प्राधिकृत पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से स्क्रैप कराया जाता है और 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो बकाया राशि पर 90 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही वाहन स्क्रैप कराने पर प्राप्त Certificate of Deposit सीओडी के आधार पर यदि नया वाहन खरीदा जाता है और उसका पंजीयन कराया जाता है, तो देय मोटरयान कर एवं शुल्क में भी छूट का लाभ लिया जा सकेगा।

मान लीजिए किसी वाहन स्वामी पर पुराने वाहन का मोटरयान कर और पेनल्टी मिलाकर 50 हजार रुपये बकाया है। यदि वह वाहन को अधिकृत ऋङ्कस्त्र केंद्र पर स्क्रैप कराकर 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उसे 90 प्रतिशत छूट मिलेगी। यानी अब उसे केवल 5 हजार रुपये ही जमा करने होंगे और शेष 45 हजार रुपये माफ हो जाएंगे।

# क्राइम ब्रांच इंदौर की कार्रवाई में ब्राउन शुगर तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इंदौर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर क्राइम ब्रांच द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर ने ब्राउन शुगर तस्करी के एक प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराध क्रमांक 223/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में पूर्व में आरोपी दानिश शेख को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से लगभग 10.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई थी। जब्त ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये बताई गई थी।

दिनांक 30.12.2025 को गिरफ्तार आरोपी दानिश शेख से पूछताछ एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस को एक अन्य आरोपी की जानकारी मिली, जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जांच में सामने आया कि यह आरोपी अन्य जिलों से मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था।

प्राप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच टीम ने फरार आरोपी की पहचान बिलाल खान, निवासी कोहिनूर कॉलोनी इंदौर के रूप में की और उसे चिन्हित कर गिरफ्तार किया। आरोपी दिहाड़ी वेतन पर रिपेयरिंग एवं अन्य छोटे-मोटे कार्य करता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी शहर में एक अपराध पंजीबद्ध है।

पुलिस ने आरोपी बिलाल खान के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 223/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। प्रकरण की विवेचना के दौरान मादक पदार्थों के नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में भी जांच की जा रही है।

क्राइम ब्रांच इंदौर की इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक और बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे शहर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

# ऑपरेशन ईगल क्लॉ में तेजाजीनगर पुलिस की बड़ी सफलता, पंजाब के अंतर्राज्यीय तस्कर से 87 किलो डोडा चूरा जब्त




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत तेजाजीनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 87 किलोग्राम डोडा चूरा और एक ट्रक जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अमित सिंह तथा पुलिस उपायुक्त जोन-01 कृष्ण लालचंदानी के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई। प्रभारी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन और सहायक पुलिस आयुक्त आज़ाद नगर रविन्द्र बिलवाल के निर्देशन में थाना तेजाजीनगर को विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे।

दिनांक 6 जनवरी 2026 को तेजाजीनगर पुलिस टीम एबी रोड बायपास स्थित आउटर कॉलोनी क्षेत्र में सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान यादव ढाबा के पास एक ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर चालक घबरा गया और ट्रक भगाने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम बुट्टा सिंह पिता चुहर सिंह, उम्र 50 वर्ष, निवासी जालंधर पंजाब बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर केबिन, टूल बॉक्स और फाल्स डीजल टैंक में छिपाकर रखा गया कुल 87 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने ट्रक में विशेष रूप से फाल्स डीजल टैंक और केबिन बनवाकर मादक पदार्थ छिपाया था। आरोपी ने यह तरीका फिल्मों से प्रेरित होकर अपनाने और पहले भी इसी तरह तस्करी करने की बात स्वीकार की।

पुलिस ने मौके से 87 किलोग्राम डोडा चूरा और एक अशोक लीलैंड ट्रक जब्त किया है। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना तेजाजीनगर पर अपराध क्रमांक 009/2026 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। संपूर्ण कार्रवाई नवीन कानून बीएनएस के अंतर्गत ई-साक्ष्य एप के माध्यम से ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ की गई।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी थाना काठगढ़, पंजाब में एनडीपीएस एवं 174-ए भादवि का प्रकरण दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी तेजाजीनगर निरीक्षक देवेन्द्र मरकाम सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर और जिले में नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## मांगलियागांव रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य जारी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर संरक्षा, सुरक्षा एवं यात्री सुविधा के साथ ही अधोसंरचनात्मक विकास के क्षेत्र में शीघ्रता से कार्य किये गये हैं तथा कई सारे कार्य प्रगति पर हैं। इसी क्रम में रतलाम मंडल के मांगलिया गांव स्टेशन यार्ड के पास समपार संख्या 45 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य जारी है । समपार संख्या 45 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य रतलाम मंडल के गतिशक्ति यूनिट द्वारा किया जा रहा है तथा जुलाई-अगस्त, 2025 में फाउंडेशन का कार्य आरंभ कर दिया गया था । कुछ समय पश्चात लगातार वर्षा एवं डायवर्टेड मार्ग पर अत्यधिक दबाव के कारण एलसी गेट से आवागमन पुन~ आरंभ किया गया जिसके कारण निर्माण कार्य को कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से रोकना पड़ा था, जिसे पुन~ आरंभ कर दिया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,वर्तमान में मौसम की स्थिति अनुकूल होने के पश्चात निर्माण कार्य पुनः आरंभ कर दिया गया है तथा कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर है। निर्माण कार्य के अंतर्गत रेल प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक मानकों एवं सुरक्षा प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है। पुनर्निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए गतिशक्ति यूनिट रतलाम मंडल द्वारा संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया है। रेलवे प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि निर्माण अवधि के दौरान समस्त नगरवासियों को न्यूनतम असुविधा हो, तथा ओवरब्रिज के पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## इंदौर में स्थानीय अवकाश घोषित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाशों की घोषणा की है। इसके अनुसार इंदौर जिले में मकर संक्राति के अवसर पर 14 जनवरी को, दशहरे के दूसरे दिन 21 अक्टूबर को, भाईदूज पर 11 नवम्बर को स्थानीय अवकाश रहेगा। इसी तरह अहिल्या उत्सव पर 10 सितम्बर को आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। उक्त अवकाश बैंक और कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

## बिना लाइसेंस के संचालित पानी की फैक्ट्री में खाद्य कारोबार कराया गया बंद



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में दल द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए आज ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मैकेनिक नगर क्षेत्र पर त्रिवेंटा इंटरप्राइजेस की जांच की गई। मौके पर पानी का ट्रीटमेंट एवं पैकेज ड्रिंकिंग वाटर बनाना जाना पाया गया। मौके पर बिना लाइसेंस के पानी के बोतलों का निर्माण किया जा रहा था। मौके पर पानी के नमूने लिए गए एवं उक्त फर्म को लाइसेंस लिए जाने तक कारोबार को बंद कराया गया। मौके पर पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट,पानी की जांच रिपोर्ट इत्यादि नहीं पाई गई, न ही वॉटर ट्रीटमेंट संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत किए गए। मौके पर 57 हजार 650 रूपये का पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर सील किया गया। मौके पर प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार तुरंत प्रभाव से बंद कराया गया।

इस क्रम में प्राप्त शिकायत के आधार पर सांवरिया किचन एवं टिफिन सेंटर से तुअर दाल एवं मिक्स वेज सब्जी के नमूने लिए गए। साथ ही बर्गर किंग रेस्टोरेंट, मल्हार मेगा माल में चिकन बर्गर में कॉकरोच की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत जांच की गई मौके से चिकन बर्गर एवं उपयोग में होने वाले तेल के नमूने लिए गए।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में कलेक्टर श्री वर्मा एवं निगम आयुक्त श्री सिंघल का सतत निरीक्षण जारी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों एवं कॉलोनियों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आज सुबह निरीक्षण के दौरान रेडवाल कॉलोनी, ईंट का भट्टा, बगिया रोड सहित अन्य क्षेत्रों में सीवरेज तथा नर्मदा जलप्रदाय से संबंधित लीकेज सुधार कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय रहवासियों से जलप्रदाय की स्थिति के संबंध में फीडबैक भी लिया गया, जिस पर नागरिकों ने टैंकरों के माध्यम से किए जा रहे जलप्रदाय एवं पानी की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में टैंकरों के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि टैंकर से प्राप्त पानी को उबालकर एवं छानकर ही पीने में उपयोग करें।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने ओआरएस जिंक के 686 कीट वितरित किये

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किए जा रहे कार्यों से स्थिति सुधर रही है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सघन दौरा किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्रों में उल्टी दस्त के जो मरीज स्वस्थ होकर लोटे थे, उनका फालोअप किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि बुधवार को 189 मरीजों का फालोअप किया गया। भागीरथपुरा क्षेत्र में नागरिकों को ओआरएस जिंक के 686 कीट बाटे गये। टीम ने प्रभावित क्षेत्र में प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण किया। साथ ही नागरिकों को ओआरएस बनाने की विधि, हाथ धोने के तरीके एवं उल्टी/दस्त से बचाव एवं उपचार संबंधित सामान्य संदेशों को प्रर्दशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों को बताया कि नर्मदा जल का वितरण पाइप लाइनों को स्वच्छ करने के लिये किया जा रहा है। इसलिये क्षेत्र के निवासी उस जल का उपयोग आगामी सूचना तक नहीं करें। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा गत दिवस से आज सुबह तक मेगा माइकिंग के द्वारा संदेश प्रभावित क्षेत्र में दिया गया। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशानुसार भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में दो एम्बुलेंस लगाई गई है। साथ ही 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रभावितों को एम. व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है। वर्तमान में अस्पतालों में कुल भर्ती मरीजों की संख्या 56 है, जिसमें से आईसीयू में 9 मरीज भर्ती है।

# सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं को भड़काने, विद्वेष एवं भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं को भड़काने, विद्वेष एवं भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 01 मार्च 2026 तक लागू रहेगा।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे- फेसबुक, व्हाट्सऐप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, एसएमएस, टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साईट आदि का दूरूपयोग कर साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं को भड़काने, विद्वेष तथा भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए किसी भी प्रकार के संदेश का प्रसारण नहीं कर सकेंगे। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उत्पाद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो इत्यादि जिससे सांप्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं या सांप्रदायिक सामाजिक एवं जातिगत विद्वेष पैदा हो सकता है उसे प्रसारित नहीं कर सकेंगे।

कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाएं भड़कती हों को कमेंट, लाईक, शेयर अथवा फॉरवर्ड नहीं करेंगे। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेंगे और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेंगे। कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर, भड़का कर उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष, हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाये को प्रसारित नहीं करेंगे और न ही लाईक, शेयर अथवा फॉरवर्ड करेंगे और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेंगे। कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेंगे, जिसमें किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने और उनसे कोई गैरकानूनी गतिविधियां करने के लिये आव्हान किया गया हो, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो। आदेश में कहा गया है कि नगरीय पुलिस इंदौर जिले की सीमा के अन्दर किसी भी साइबर कैफे के मालिक अथवा संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/ प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना सायबर कैफे संचालित नहीं किया जायेगा। सभी आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साइबर कैफे में वेब कैमरा लगाया जाना होगा, जिसमें प्रत्येक आगन्तुक / प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके।

# मंदसौर में आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**नया आयकर अधिनियम 2025 पुराने कानून का सरलीकृत एवं करदाता-अनुकूल स्वरूप - डॉ. अक्षय जैन**

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय प्रत्यक्ष कर प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में लागू होने जा रहा आयकर अधिनियम 2025 न केवल कानून की भाषा और संरचना को सरल बनाता है, बल्कि करदाताओं और कर प्रशासन के बीच विश्वास, पारदर्शिता एवं संवाद को भी सुदृढ़ करने का प्रयास करता है। 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होने वाले इस नए अधिनियम का उद्देश्य कर प्रणाली की जटिलताओं को कम करते हुए एक डिजिटल, करदाता-केंद्रित एवं विवाद-मुक्त कर व्यवस्था स्थापित करना है।

यह विचार उज्जैन परिक्षेत्र-1 के अपर आयकर आयुक्त डॉ. अक्षय जैन ने व्यक्त किए। उन्होंने 7 जनवरी को होटल डायमंड, मंदसौर में आयोजित नए आयकर अधिनियम-2025 पर आधारित आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयकर निरीक्षक हेमंत सुथार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में डॉ. अक्षय जैन ने कहा कि नया आयकर अधिनियम 2025 कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इसमें आयकर अधिनियम, 1961 की जटिलताओं को दूर करते हुए धाराओं का समेकन एवं सरलीकरण किया गया है, जिससे कर अनुपालन की प्रक्रिया अधिक सहज होगी। यह अधिनियम छोटे एवं बड़े व्यापारियों के साथ-साथ सामान्य करदाताओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।




डॉ. जैन ने जानकारी दी कि नए अधिनियम में ÷कर वर्ष÷ की एक नई अवधारणा लागू की गई है। इसके अंतर्गत अब तक प्रचलित ÷पिछला वर्ष÷ एवं ÷मूल्यांकन वर्ष÷ जैसे तकनीकी शब्दों को समाप्त कर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक की एक ही स्पष्ट अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने नए अधिनियम में किए गए विभिन्न प्रावधानों, उपलब्ध कटौतियों तथा इस कानून को लाने के उद्देश्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयकर अधिकारी, मंदसौर दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि आयकर अधिनियम-2025 एक सरल, पारदर्शी एवं करदाता-हितैषी कर व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि हम इस कानून को भली-भांति समझें, इसका सही अनुपालन करें तथा देश के विकास में अपना सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम में कर सलाहकार संघ, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं करदाता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी संगठनों एवं प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अन्य करदाताओं को भी नए आयकर अधिनियम 2025 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दें एवं उन्हें जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग सही एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कर सकें।

# दलाल या बिचौलिये की भूमिका नहीं रही है, योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहा : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने 9.10 करोड़ की लागत से बनने वाले संयुक्त तहसील कार्यालय मल्हारगढ़ का किया भूमि पूजन**



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को मल्हारगढ़ में 9 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, मदनलाल राठौर, जनपद अध्यक्ष पुष्पा पाटीदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, मल्हारगढ़ एसडीएम श्रीमती स्वाति तिवारी सहित अन्य अधिकारी, आम नागरिक एवं पत्रकार कार्यक्रम में मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना सरकार का मूल कार्य है। देश निरंतर प्रगति कर रहा है और बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग और समाज को विकास का लाभ मिल रहा है। अब किसी प्रकार के दलाल या बिचौलिये की भूमिका नहीं रही है, योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण एक वर्ष की समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा सभी नागरिकों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। संयुक्त तहसील कार्यालय भवन मल्हारगढ़ क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह परियोजना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। तहसील से संबंधित सभी विभाग एक ही परिसर में संचालित होने से कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी होगी। राजस्व, नामांतरण, सीमांकन, प्रमाण-पत्र सहित अन्य कार्य तेजी से और समयबद्ध रूप से पूरे हो सकेंगे। किसानों से जुड़े राजस्व कार्य जैसे खसरा-खतौनी, फसल बीमा, सीमांकन एवं नामांतरण का शीघ्र निपटारा संभव होगा। भूमि विवादों का समाधान एक ही स्थान पर होने से किसानों को विशेष सुविधा मिलेगी। आम नागरिकों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज आसानी और शीघ्रता से प्राप्त हो सकेंगे। वृद्धजनों, महिलाओं एवं दूर-दराज के ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए भवन में डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन सेवाएं एवं आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे ई-गवर्नेंस को बढ़ावा मिलेगा।

## वन विभाग ने सागौन गिली लड़की परिवहन करते हुऐ ट्रेक्टर सहित दो लोगों को पकड़ा



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 1.2026 को वनपरिक्षेत्र रतनगढ़ अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर एस.के. अटोदे वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल नीमच, दशरथ अखण्ड उपवनमण्डलाधिकारी नीमच एवं प्रतापलाल गेहलोत वन परिक्षेत्राधिकारी रतनगढ़ के मार्ग दर्शन में सागौन प्रजाति के अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही करते हुए ग्राम पांडुकुडी बसस्टेंड पर राजस्व क्षेत्र से सागौन की गिली लकडी से भरा हुआ ट्रेक्टर मयट्राली, ट्रेक्टर क्रमांक MP-70-A3305 बापूलाल दायणा वनपाल परिक्षेत्र सहायक ताल, अजय तौमर कार्यवाहक वनपाल प.स. बाणदा, सदाशिव धाकड वनरक्षक बीट धारडी, एवं नयन मालवीय वनरक्षक बीट पाटन, निरंजन पाराशर वनरक्षक बीट उमर, लालाराम वनरक्षक बीट भगवानपुरा एवं सुरक्षा श्रमिक द्वारा जप्त कर आरोपीं 1. धर्मराज पिता मांगीलाल भील उम्र 23 वर्ष निवासी पलासिया, तह. सिंगोली जिला नीमच 2. विष्णु पिता श्यामलाल मेहर उम्र 21 वर्ष निवासी पलासिया, तह. सिंगोली जिला नीमच को गिरफ्तार कर भारतीय वन अधिनिय 1927 की धारा 46 एवं म.प्र. वनोपज व्यापार विनियमन 1969 की धारा 5 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 214/09 दिनांक 06.01.2026 पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

# 28 जनवरी को आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन एंव 15 फरवरी को महा शिवरात्रि के निमंत्रण पत्र का किया विमोचन

**नगर में हिन्दू सम्मेलन और महा शिवरात्रि को लेकर जबरदस्त उत्साह का वातावरण**



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 28 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन ओर दिनांक 15 फरवरी को महा शिवरात्रि को लेकर हिन्दू समाज में जबरदस्त उत्साह का वातावरण बना हुआ है। बुधवार सांयकाल हिन्दू सम्मेलन के कार्यालय पर हिन्दू समाज के वरिष्ठ साथियों की उपस्थिति में हिंदू सम्मेलन ओर महा शिवरात्रि के निमंत्रण पत्र का विमोचन जय घोष के साथ किया गया। कार्यक्रम को लेकर नगर में तैयारियां जोरों से चल रही है दोनों ही कार्यक्रम सफल ओर ऐतिहासिक हो इसके लिए युवा टीम दिन रात लगी हुई है। हर रोज घर घर सम्पर्क किया जा रहा है। आज निमंत्रण पत्र का विमोचन भी हो गया अब युवाओं की टोली के साथ महिला मंडल की टीम घर घर पीले चावल के साथ निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थिति का आग्रह करेंगे। आज निमंत्रण पत्र विमोचन के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाया नगर भाजपा अध्यक्ष लोकेश पटवा गायत्री परिवार के सुनील पालीवाल वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन बाबुलाल शर्मा कार्यक्रम के संयोजक निशांत जोशी चन्द्र प्रकाश सोनी कैलाश सोनी अंकित हरसौरा सोनू सेन संजय गांधी राहुल सोनी विजय टांक पार्षद जीवन बलाई प्रशांत सोनी आंनद टेलर श्रीकांत जोशी राकेश जोशी पप्पू सोनी महेंद्र सिंह ठाकुर लोकेश लक्ष्यकार राहुल टांक राधे रमन सोनी शुभम लक्ष्यकार पिन्टु जोशी राहुल लुहार शिवम् सोनी अंकित भट्ट सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सैनिक स्कूल मंदसौर में पूर्व एनडीए डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल संजीव डोगरा का द्विदिवसीय प्रवास हुआ



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सैनिक स्कूल मंदसौर में आज दिनांक 7 व 8 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व उप कमांडेंट मेजर जनरल संजीव डोगरा का दो दिवसीय प्रवास प्रारंभ हुआ। उनके विद्यालय आगमन पर विद्यालय के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उसके उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सैनिक स्कूल गीत के साथ हुआ, जिससे सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कैडेट सारांश पांडेय एवं कैडेट अर्शित राज द्वारा किया गया। अतिथि परिचय कैडेट आशुतोष सिंह ने प्रस्तुत किया, जबकि स्वागत स्कूल कैप्टन कैडेट सनराज पटेल तथा स्पोर्ट्स इंचार्ज कैडेट आदित्य कुमार द्वारा किया गया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में मेजर जनरल संजीव डोगरा ने कैडेट्स को संघर्ष, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास का महत्व समझाते हुए कहा कि जो गिरकर भी खड़ा होता है, वही व्यक्ति अपने लक्ष्य तक पहुँचता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एनडीए में चयन एवं सफलता के लिए सर्वांगीण व्यक्तित्वकृशारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नेतृत्व क्षमता अत्यंत आवश्यक है।

प्रथम दिवस पर मेजर जनरल डोगरा ने विद्यालय के विभिन्न स्थान जैसे हॉस्टल, खेल मैदान, ऑब्स्टेकल एरिया, तथा शैक्षणिक ब्लॉक एवं अन्य प्रशिक्षण सुविधाओ का दौरा किया। विद्यालय की अनुशासित कार्यप्रणाली, समर्पित शिक्षक वर्ग एवं मेहनती कैडेट्स को देखकर उन्होंने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय की खुले शब्दों में सराहना की। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीख, समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा, सैनिक स्कूल मंदसौर के प्राचार्य अविनाश चतुर्वेदी, सभी शिक्षक, इंस्ट्रक्टर एवं कैडेटस गरिमामय उपस्थिति में रहे।

# सभीशासकीय कार्यालय पर हो विद्युत सज्जा एवं ध्वजारोहण-कलेक्टर आगामीगणतंत्र दिवस आयोजन के लिए कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारी के लिए बुधवार को कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंप कर समय सीमा में कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विद्युत सज्जा करने एवं 26 जनवरी को प्रातः काल में ध्वजारोहण करने के निर्देश सभी कार्यालय प्रमुखों को दिए। जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पोलोग्राउंड पर आयोजित होगा। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर ने परेड रिहर्सल, विद्युत व्यवस्था , साफ सफाई, मंच सज्जा, बैठक व्यवस्था आदि के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि झांकियों की थीम का पूर्व से अनुमोदन प्राप्त करें। झांकी आकर्षक एवं विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए बनाये।




कलेक्टर द्वारा गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं एसी ट्रायबल को निर्देशित किया गया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की थीम एवं गणवेश गरिमामय हों।

## अ.भा. विश्वविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रविना कंवर चयनित




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कन्या महाविद्यालय मन्दसौर की छात्रा कु. रविना कंवर का चयन 12 से 16 जनवरी 2026 तक मैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन (राष्ट्रीय) एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह जानकारी देते हुए एन.आई.एस. जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया रविना कंवर का चयन 16 से 17 दिसम्बर 2025 तक जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मी. बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ हैं। रविना की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी विजेन्द्र देवड़ा, प्राचार्य प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय डॉ. जे. एस. दुबे, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय मन्दसौर डॉ. सुधीर रायजादा, क्रीड़ाधिकारी पी.जी. कॉलेज राजू कुमार, क्रीड़ाधिकारी कन्या महाविधालय मनीष पांचाल, गजेंद्र जायसवाल, महाविद्यालय स्टॉफ एवं सभी साथी खिलाड़ियों ने हर्ष वयक्त किया है।

## कलेक्टर द्वारा अवैध खनिज परिवहन के तीन प्रकरणों में 86 हजार रूपये से अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के तीन प्रकरणों में कुल 86 हजार 250 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध खनिज परिहवनकर्ता संजय पिता मांगीलाल कुम्हार निवासी बांगरेडा मामादेव तहसील निम्बाहेडा द्वारा रैत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 28750 रूपए की शास्ति अधिरोपित की है।

# कोई भी बच्चा पंजीयन से वंचित न रहे- कलेक्टर शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग, एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों के संचालन के समय में पहल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें। अत्यधिक ठंड होने की स्थिति में स्कूलों का संचालन का समय परिवर्तित कराया जाए। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रतलाम जिले की प्रदेश स्तर पर राज्य छात्रवृत्ति के मामले में 12वीं रैंक, एमपी टॉस के मामले में 24 वी रैंक, अपार आईडी बनाने में 11वीं रैंक, परीक्षा पर चर्चा पंजीयन मामले में 23 वी रैंक है । कलेक्टर ने सभी प्रकार के लंबित मामलों में आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र की ऑनलाइन प्रविष्टि के आंकड़ों में शुद्धता लाकर विद्यार्थियों के अकाउंट अप टू डेट करने निर्देश दिए। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं अन्य हित लाभ मिल सके ,इसके लिए उन्होंने मामलों की लाइन लिस्टिंग करके राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रगति लाने के लिए 10 दिवस की समय सीमा निर्धारित की गई। निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण के मामले में 9वीं से 12 वीं के बच्चों का डाटा नहीं होने के कारण असंतोष व्यक्त करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोट को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साइकिल वितरण का स्कूल के प्रिंसिपल से वेरिफिकेशन करवाने तथा विकास खंडवार डाटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग संबंधी सांदीपनि सी एम राइज स्कूल भवन निर्माण संबंधी कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए स्वयं भ्रमण करने की बात कही। उन्होंने निर्देशित किया कि फरवरी माह के अंत तक जिले में शिक्षा विभाग से संबंधी जर्जर भवनों की सूची तैयार की जाए, एवं पी डब्लू डी से समन्वय स्थापित कर डिस्मेंटल की कार्रवाई कर जर्जर भवनों को गिराया जाए।

उन्होंने कहा कि जहां स्कूल शिक्षा विभाग के भवन रिक्त हो उनकी भी जानकारी प्रस्तुत की जाए ताकि अन्य विभाग को भवन आवंटित किए जा सके। बैठक में पीएम श्री स्कूल, लैपटॉप वितरण भुगतान राशि, आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग एवं ट्रायबल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और जिले के शत प्रतिशत बच्चों का प्रत्येक स्थिति में शाला में पंजीयन होना सुनिश्चित करें, इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वेरिफिकेशन कराया जाए।

# आर्टिफिशियल इन्टलीजेंस की मदद से छात्र हो रहे है आत्मनिर्भर श्री सखलेचा

**पत्रकारिता में ए.आई.का बेहतर उपयोग विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न**

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (ए.आई.) की मदद से स्कूली छात्र आत्मनिर्भर बन रहे है। जावद क्षेत्र के 27 स्कूलों में ए.आई.की कक्षाए संचालित हो रही है। इन कक्षाओं में 1400 विद्यार्थी ए.आई.की शिक्षा हासिल कर रहे है। ए.आई.से सीखने, समझने का तरीका बदल गया है। यह पाठ्यक्रम 6 माह में पूरा हो जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी घर बैठे दो से तीन घंटे ए.आई.का उपयोग कर प्रतिमाह 10 से 15 हजार रूपये की कमाई कर सकेंगे। आत्मनिर्भर बन पाएंगे। यह बात जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने बुधवार को सांदीपनी विद्यालय जावद में महाराष्ट्र नालेज कारर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से पत्रकारिता में ए.आई. का बेहतर उपयोग करने के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कही।




इस मौके पर महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, के श्री मयूर हवलदार, मल्टीपल सिटी कंपनी के सीईओ श्री नितिकेश भटकर एवं जिले के पत्रकारगण उपस्थित थे।

कार्यशाला में श्री मयूर हवलदार ने पीपीटी के माध्यम से ए.आई. के उपयोग पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया। इसमें जेमीनी, चेट जीपीटी, फेक्ट चेक, सुन डॉट एआई, भाषणी एप्प, गूगल, एम.एस.आफिस, ईमेल, आउट लुक ईमेल के उपयोग के बारे में समझाया। उन्होने संपादकीय, खेल, विज्ञान, डिजिटल, फोटो और कार्टून पत्रकारिता जैस विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में वर्चुअल और इन-पर्सन लर्निंग सेशन की सीरीज़, न्यूज़रूम में ए.आई.टूल्स को शामिल करने के खास तरीकों, ऑडियंस एंगेजमेंट, हेडलाइन जेनरेशन, इलेक्शन रिपोर्टिंग, डेटा जर्नलिज़्म और ग्रोथ स्ट्रैटेजी के लिए एप्लीकेशन के बेहतर उपयोग के बारे में भी बताया गया।

कार्यशाला में बताया गया, कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कंप्यूटर और मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, सीखने, समझने, निर्णय लेने और समस्याओं को हल करने की क्षमता देने वाली तकनीक है। यह डेटा का विश्लेषण करके पैटर्न पहचानता है और इंसानों की तरह काम करता है, जैसे Siri/Alexa, फेस अनलॉक और सेल्फ-ड्राइविंग कारें इसके उदाहरण हैं, जो पैटर्न पहचानने, भाषा समझने और खुद काम करने में सक्षम होती हैं, जैसे कि जेनरेटिव AI (ChatGPT) टेक्स्ट और इमेज बनाता है।

# जिले में खुले ट्रांसफार्मरों के बाक्स और लटकते विद्युत तारों को ठीक कर जनसुरक्षा सुनिश्चित करें-श्री चंद्रा

**समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में नगरीय क्षेत्रों और विभिन्न स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मरों के खुले हुए बाक्स और नीचे लटकते विद्युत तारों की ठीक कर, जनसुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। म.प्र.प.क्षे.विद्युत ट्रांसफामरो के खुले हुए बक्सो को चिहिंत कर उन्हें दुरस्त करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में म.प्र.प.क्षे.वि.वितरण कंपनी नीमच के अधीक्षण यंत्री को दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में मनासा, कुकडेश्वर क्षेत्र के पान उत्पादन किसानों को नेटशेड उपलब्ध करवाने और अगले वर्ष के लिए नेटशेड के लक्ष्य प्रदान करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाने के निर्देश उप संचालक उद्यानिकी को दिए। उन्होने भाटखेड़ा से डूंगलावदा तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर शहर के प्रमुख चौराहो पर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए रोटरी निर्माण करने के स्थान चिंहित कर रोटरी का निर्माण करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सम्पादकीय

## मतदाता सूची का मेगा रीसेट: जनता, वोट और सत्ता की जंग

उत्तर प्रदेश में हाल ही में मतदाता सूची में बड़ा संशोधन आया, जिसने राजनीति और प्रशासन दोनों में हलचल मचा दी है। 2.89 करोड़ नाम हटने के बाद लोकतंत्र की नींव पर गंभीर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। क्या यह कदम चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की वास्तविक कोशिश है, या सत्ता की चालाकी और रणनीति का हिस्सा मात्र? देश के सबसे बड़े राज्य में इस बदलाव ने व्यापक बहस को जन्म दिया है। शुद्धता के दावे और अन्याय के आरोपों के बीच जनता उलझन में है। ड्राफ्ट सूची में यह विशाल संशोधन दिखाता है कि मतदाता सूची केवल कागजी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ और उसकी विश्वसनीयता का प्रमाण है।

चुनाव आयोग ने 6 जनवरी 2026 को ड्राफ्ट सूची जारी की, जिसमें कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ नाम हटा दिए गए। अब कुल वैध नाम केवल 12.55 करोड़ बचे हैं। हटाए गए नामों में 46.23 लाख मृतक, 2.17 करोड़ स्थानांतरित और 25.47 लाख डुप्लिकेट नाम शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.7 प्रतिशत है, जो भारत में किसी भी राज्य में सबसे बड़ा संशोधन माना जा रहा है। एसआईआर की समयसीमा और ड्राफ्ट प्रकाशन कई बार बढ़ाया गया, क्योंकि सूची में बड़े पैमाने पर असंगतियां मिलीं। दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी तक है, जिससे सभी प्रभावित लोग फॉर्म भरकर नाम जोड़ सकते हैं। इस विशाल हटाव ने सवाल खड़े किए हैं कि क्या यह लोकतंत्र को मजबूत करने का कदम है, या लक्षित राजनीतिक कार्रवाई है।

लोकतंत्र की शुद्धता के समर्थक इसे ऐतिहासिक सुधार कहते हैं। उनके अनुसार, मृतक और डुप्लिकेट नाम चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। इससे वोटिंग सिस्टम में फर्जीवाड़ा रोका जा सकता है। एसआईआर प्रक्रिया के अनुसार, 81.3 प्रतिशत मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा किए, जबकि बाकी नहीं कर सके। इस तरह की सफाई अन्य राज्यों में भी हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश में कटौती सर्वाधिक रही। समर्थकों का कहना है कि इससे वोट बैंक की राजनीति कमजोर होगी और असली मतदाताओं की आवाज़ को ताकत मिलेगी।

विपक्षी दल इसे राजनीतिक साजिश मान रहे हैं। उनका तर्क है कि गरीब और अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों को प्रभावित किया जा रहा है। कई नेता और उनके परिवार के नाम हटाए जाने का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि केवल निवास बदलने के कारण वैध मतदाताओं को बाहर किया गया। विरोधियों का आरोप है कि यह लोकतंत्र पर हमला है और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है। शहरी क्षेत्रों और प्रवासी आबादी में अधिक नाम हटाए गए हैं, जिससे यह आशंका बढ़ रही है कि यह उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई हो सकती है।

तथ्यों की पड़ताल करें तो आयोग ने हटाव के स्पष्ट कारण बताए हैं–मृत्यु, स्थानांतरण और डुप्लिकेट नाम। लखनऊ और गाजियाबाद जैसे शहरी केंद्रों में सबसे ज्यादा नाम हटाए गए। घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए गए और 91 प्रतिशत से अधिक मैपिंगकी गई। शेष को नोटिस भेजे जा रहे हैं। बावजूद इसके, इतनी बड़ी संख्या ने संदेह पैदा कर दिया है। क्या सभी फॉर्म न जमा करने वाले असली मतदाता नहीं हैं? आयोग का कहना है कि दावा-आपत्ति प्रक्रिया में सुधार संभव है और यह निष्पक्षता दिखाती है। विपक्ष का कहना है कि दस्तावेज जुटाने में गरीब और अनपढ़ मतदाताओं को दिक्कत होगी, जिससे लोकतंत्र की वैधता पर सवाल उठते हैं।

इस संशोधन का आगामी चुनावों पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें निर्णायक मानी जाती हैं। अगर वैध मतदाता भी हट गए, तो वोट प्रतिशत और चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। समर्थक इसे फर्जीवाड़ा रोकने का कदम मानते हैं, जबकि विपक्ष इसे वोट दबाने की रणनीति कह रहा है। एसआईआर की अवधि बढ़ने से सत्यापन बेहतर हुआ, लेकिन गरीब और अल्पसंख्यक समुदाय इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। यह सवाल उठता है कि क्या प्रक्रिया पर्याप्त पारदर्शी है या नहीं।

समाज पर नजर डालें तो प्रवासी मजदूर, शहरी गरीब और छोटे शहरों के मतदाता सबसे प्रभावित हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं रहे। विपक्ष इसे मतदाता दमन मान रहा है। वहीं आयोग का कहना है कि मृतक नाम हटाना अनिवार्य था और यह रूटीन प्रक्रिया है। अन्य राज्यों में भी ऐसा सुधार होना चाहिए। मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की नींव है। अगर फर्जी नाम मौजूद रहें, तो लोकतंत्र कमजोर होगा। वहीं वैध नाम हटने से अन्याय होगा। जनता को जागरूक होना आवश्यक है।

आगे की राह में आयोग के लिए पूर्ण पारदर्शिता अनिवार्य हो गई है। दावा-आपत्ति की अवधि में लाखों मतदाता अपने अधिकार को सुरक्षित कर सकते हैं, और यदि कोई वैध मतदाता सूची से बाहर रह गया, तो लोकतंत्र की नींव हिल सकती है। अन्य राज्यों के अनुभव और उदाहरण हमें यह सिखाते हैं कि मतदाता सूची सिर्फ एक प्रशासनिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि हर नागरिक की राजनीतिक पहचान का प्रतीक है। इसलिए इसकी नियमित समीक्षा और सुधार न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। यह संशोधन दोधारी तलवार की तरह है–2.89 करोड़ नामों के हटने ने सार्वजनिक बहस और राजनीतिक विवाद को हवा दी है। यदि हटाए गए नाम केवल फर्जी थे, तो यह लोकतंत्र की शुद्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा। लेकिन यदि वैध मतदाता प्रभावित हुए, तो यह अधिकार और विश्वास दोनों को क्षति पहुंचा सकता है। विपक्ष को ठोस प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे और आयोग को अपनी निष्पक्षता साबित करनी होगी।

## सहज स्वभाव में स्थित व्यक्ति अजेय होता है : श्री माताजी



सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित एक जीवंत वैज्ञानिक पद्धति है। सहजयोग कोई यौगिक अथवा शारीरिक क्रिया नहीं है वरन् सहजता से जीवन को जीना है। सहज रूप से जब हमारा योग अर्थात् जुड़ना परम शक्ति से हो जाता है तब हम सहजयोगी हो जाते हैं। सहजयोग कोई नई विचारधारा, संप्रदाय अथवा धर्म नहीं है यह तो संपूर्ण सृष्टि को चलायमान रखने वाला परमात्मा का यंत्र है। मनुष्य को परमशक्ति द्वारा बुद्धि प्रदान कर विचारों की स्वतंत्रता प्रदान की गई और इसी बुद्धि ने उसे असहज बना दिया। मानव जाति को इस भटकाव से बचाने के लिए अनेक अवतार, गुरु, व संत इस संसार में समय समय पर परमात्मा की इच्छा से अवतरित हुए और सभी ने सहजता की ही बात की व सहज जीवन को ही जिया। भारत में अनेकानेक ऐसे संत हुए हैं जो अपने गुणों के द्वारा देव तुल्य हो गए। ऐसे ही संत कबीर दास जी का नाम संतों की अग्रिम पंक्ति में लिया जाता है। जीवन की सहजता का वर्णन संत कबीर दास जी ने अपने दोहे में इस प्रकार किया है कि-

सहज सहज सब कोई कहै,सहज न चीन्हें कोय।<br>
जिन सहजै विषया तजै, सहज कहावै सोय।।

अर्थात् सहज - सहज सब कहते हैं, परन्तु उसे समझते नहीं जिन्होंने सहजरूप से विषय - वासनाओं का परित्याग कर दिया है, उनकी निर्विषय-स्थिति ही सहज कहलाती है।

कबीर दास जी द्वारा वर्णित इसी सहजता की प्राप्ति सहजयोग में श्री माताजी के सानिध्य व कृपा में आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् होती है। हम अपने सहज स्वभाव में स्थित रहने लगते हैं व समस्त दुश्चिंताओं से शारीरिक कष्टों से मुक्ति संभव हो जाती है। इस का वर्णन करते हुए श्री माताजी ने कहा है कि, जब आप भगवान के साम्राज्य में खड़े होते हैं खुशी के साम्राज्य में तो हर हाल में तुम राजा और रानी बनते हो। कोई भी आपको खरीद नहीं सकता या आप पर विजय प्राप्त नहीं कर सकता। आप सब कुछ जीत लेते हैं।

# वेनेज़ुएला संकट के बहाने वैश्विक शक्ति-संतुलन

हाल ही में वेनेजुएला में घटित राजनीतिक घटनाक्रम और उसमें अमेरिकी हस्तक्षेप ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक पुरानी बहस को फिर से जीवित कर दिया है। अनेक विश्लेषक इसे उन्नीसवीं सदी के मुनरो सिद्धांत की संभावित वापसी के रूप में देख रहे हैं। मुनरो सिद्धांत मूलतः यह घोषित करता था कि पश्चिमी गोलार्द्ध में किसी बाहरी शक्ति का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं होगा और इस क्षेत्र को अमेरिका अपने प्रभाव क्षेत्र के रूप में देखेगा। समय के साथ यह सिद्धांत उपनिवेशवाद-विरोधी आदर्श से हटकर अमेरिकी प्रभुत्व और हस्तक्षेपवादी नीति का औजार बन गया। आज, जब विश्व बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रहा है, तब वेनेजुएला जैसे देशों में अमेरिकी दखल यह संकेत देता है कि शक्ति-राजनीति के पुराने सिद्धांत नए संदर्भों में फिर उभर रहे हैं।

वेनेजुएला लंबे समय से आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों से जूझ रहा है। अमेरिका ने लोकतंत्र, मानवाधिकार और आर्थिक कुप्रबंधन के नाम पर वहां प्रतिबंधों और राजनीतिक हस्तक्षेप को उचित ठहराया है। किंतु आलोचकों का मानना है कि इसके पीछे असली कारण वेनेजुएला के विशाल तेल संसाधन और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभाव को बनाए रखने की रणनीति है। यह वही सोच है जो ऐतिहासिक रूप से मुनरो सिद्धांत के अंतर्गत विकसित हुई थी, जहाँ अमेरिका स्वयं को पूरे क्षेत्र का संरक्षक मानता रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम में ब्रिक्स देशों की प्रतिक्रियाएँ विशेष ध्यान आकर्षित करती हैं। चीन और रूस ने अमेरिकी हस्तक्षेप का खुलकर विरोध किया और इसे संप्रभुता के उल्लंघन के रूप में प्रस्तुत किया। उनके वक्तव्यों में न केवल वेनेजुएला के समर्थन का स्वर था, बल्कि अमेरिका के वैश्विक वर्चस्व को चुनौती देने की व्यापक रणनीति भी निहित थी। इसके विपरीत, भारत का वक्तव्य अपेक्षाकृत संतुलित, संयमित और कूटनीतिक रहा। भारत ने न तो अमेरिका की नीति का समर्थन किया और न ही तीखा विरोध। यह अंतर भारत की विदेश नीति की विशिष्टता और उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाता है।

भारत के इस संतुलित रुख के पीछे सबसे प्रमुख कारण उसकी रणनीतिक स्वायत्तता की नीति है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने किसी एक शक्ति गुट में शामिल होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर निर्णय लेने की परंपरा अपनाई है। शीत युद्ध काल में गुटनिरपेक्ष आंदोलन इसका उदाहरण था, और आज के बहुध्रुवीय विश्व में यह नीति और भी प्रासंगिक हो गई है। अमेरिका भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, विशेषकर रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में। ऐसे में वेनेजुएला जैसे मुद्दे पर तीखा विरोध भारत-अमेरिका संबंधों को अनावश्यक रूप से प्रभावित कर सकता था।

साथ ही, भारत रूस और अन्य ब्रिक्स देशों के साथ भी अपने ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बनाए रखना चाहता है। इस दोहरे संतुलन के लिए भारत को शब्दों और रुख में अत्यंत सावधानी बरतनी पड़ती है। भारत की कूटनीति टकराव से अधिक संवाद पर विश्वास करती है और यही कारण है कि वह विवादास्पद अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अक्सर संतुलित भाषा का प्रयोग करता है।

एक अन्य महत्वपूर्ण कारण भारत की स्वयं की संवेदनशीलताएँ हैं। भारत लंबे समय से संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांत का समर्थन करता रहा है, क्योंकि वह स्वयं कश्मीर और अन्य आंतरिक मुद्दों पर बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करता है। यदि भारत वेनेजुएला के मामले में किसी एक पक्ष के समर्थन में अत्यधिक मुखर होता, तो भविष्य में उसके अपने मामलों पर भी प्रश्न उठाए जा सकते थे। इसलिए भारत ने सिद्धांतों का समर्थन करते हुए भी व्यावहारिक संतुलन बनाए रखा।

भारत का संतुलित वक्तव्य यह भी दर्शाता है कि वह स्वयं को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। भारत का उद्देश्य केवल प्रतिक्रिया देना नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में स्थिरता और संवाद को बढ़ावा देना है। यही कारण है कि भारत अक्सर शांतिपूर्ण समाधान, बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन पर जोर देता है। यह रुख उसे वैश्विक दक्षिण के देशों में एक भरोसेमंद और संतुलित नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करता है।

बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत के लिए लैटिन अमेरिका का महत्व लगातार बढ़ रहा है। अब तक यह क्षेत्र भारत की विदेश नीति में अपेक्षाकृत उपेक्षित रहा है, किंतु वर्तमान वैश्विक परिस्थितियाँ इस सोच में बदलाव की माँग करती हैं। लैटिन अमेरिका ऊर्जा संसाधनों, विशेषकर तेल और गैस, के साथ-साथ लिथियम, तांबा और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों का भी बड़ा स्रोत है। हरित ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के युग में ये संसाधन भारत की आर्थिक और तकनीकी आकांक्षाओं के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इसके अतिरिक्त, लैटिन अमेरिका कृषि उत्पादों, फार्मास्यूटिकल्स और उभरते बाजारों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। भारत की दवा उद्योग और आईटी सेवाएँ इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएँ रखती हैं। यदि भारत अपनी कूटनीतिक और आर्थिक उपस्थिति को सशक्त करता है, तो वह चीन की बढ़ती पकड़ को संतुलित कर सकता है, जिसने हाल के वर्षों में लैटिन अमेरिका में बड़े पैमाने पर निवेश और अवसंरचना परियोजनाएँ शुरू की हैं।

राजनीतिक दृष्टि से भी लैटिन अमेरिका भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर भारत को स्थायी सुरक्षा परिषद सदस्यता जैसी आकांक्षाओं के लिए व्यापक समर्थन की आवश्यकता है। लैटिन अमेरिकी देशों का समर्थन इस दिशा में निर्णायक हो सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि भारत केवल संकट के समय प्रतिक्रिया देने के बजाय दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करे।

भारत को अपनी लैटिन अमेरिका नीति में बदलाव करते हुए अधिक सक्रिय, बहुआयामी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसमें नियमित उच्चस्तरीय कूटनीतिक संवाद, व्यापार और निवेश समझौते, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विकास सहयोग शामिल होना चाहिए। साथ ही, भारत को यह भी स्पष्ट करना होगा कि वह किसी भी क्षेत्र में प्रभाव क्षेत्रों की राजनीति का समर्थन नहीं करता, बल्कि संप्रभुता, समानता और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों पर आधारित संबंधों का पक्षधर है।

अंततः, वेनेजुएला संकट और मुनरो सिद्धांत की संभावित वापसी केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन में हो रहे बदलावों का प्रतीक है। भारत का संतुलित रुख इस बात का संकेत है कि वह न तो अंधानुकरण करना चाहता है और न ही अनावश्यक टकराव। यह रुख उसकी दीर्घकालिक रणनीतिक सोच, वैश्विक दक्षिण के प्रति प्रतिबद्धता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थन को दर्शाता है। आने वाले समय में यदि भारत लैटिन अमेरिका के प्रति अधिक सक्रिय और दूरदर्शी नीति अपनाता है, तो वह न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुदृढ़ करेगा, बल्कि एक अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में भी योगदान दे सकेगा।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

## बहन बेटियों के प्रति अभद्र व अपमान जनक टिप्पणियों पर मिले कठोर सजा

समाज में जातीय कुंठा कितना जहर घोल रही है, यह किसी से छिपा नहीं है। शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में जाति आधारित आरक्षण की पुनर्समीक्षा न किए जाने से जिस प्रकार आरक्षण का लाभ ले रहे लोग आरक्षण को अपनी बपौती मानकर सामाजिक और प्रशासनिक व्यवस्था को विकलांग बनाने पर आमादा हैं तथा आरक्षण की समीक्षा का विरोध करते हुए समाज में वैमनस्य के बीज बो रहे हैं, उससे लगता है, कि कुछ लोगों के मानसिक विकलांगता से जनित बिगड़े बोल देश की शांति व्यवस्था बनाये रखने में सबसे बड़े अवरोधक बने हुए हैं। यदि ऐसा न होता, तो मध्य प्रदेश में आरक्षण से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के संगठन के एक उच्च प्रशासनिक पदाधिकारी ब्राह्मण जाति की बहन बेटियों के प्रति अभद्र व अपमान जनक टिप्पणी न करते।

संचार क्रांति के युग में किसी जातीय सभा में प्रशासनिक अधिकारी की अमर्यादित टिप्पणी को सभ्य समाज भला कैसे स्वीकार कर सकता था, सो ऐसे अधिकारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग करते हुए अनेक संगठन, अधिवक्ता व शिक्षित समाज के जागरूक नागरिक खड़े हो गए। यह समय की माँग थी, कि जिस व्यक्ति ने आरक्षण के आधार पर उच्च प्रशासनिक पद प्राप्त किया, उससे पद की गरिमा बनाए रखने की अपेक्षा थी।

कौन नही जानता, कि समाज बदल रहा है। वैवाहिक संबंध अब युवाओं की अपनी पसंद से स्थापित किये जा रहे हैं। अंतरजातीय विवाह चलन में हैं, ऐसे में केवल ब्राह्मण जाति की बेटियों के कन्यादान किसी विशेष जाति के युवक से किए जाने की बात करना सम्बंधित अधिकारी की मानसिक कुंठा का ही परिचायक है। विवाह परिवार का स्तर, व्यक्ति के बौद्धिक स्तर, व्यक्ति के संस्कार का मेल होने पर ही टिक पाता है तथा कन्याएं दान की वस्तु नहीं रह गई हैं। वह समानता के अधिकार से जीवन में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में केवल ब्राह्मण कन्याओं के प्रति किसी कुंठित अधिकारी का विकृत मानसिकता से जुड़ा बयान निंदनीय है।

होना तो यह चाहिए कि समाज में द्वेष या घृणा फैलाने वाले किसी भी कथन को अपराध की श्रेणी में रखा जाए तथा ऐसे तत्वों को चाहे वे किसी भी जाति, धर्म या क्षेत्र से जुड़े हो, दण्डित किया जाए। समाज में अमर्यादित टिप्पणी करके क्षमा मांगने मात्र से इस समस्या का कोई समाधान संभव नहीं है। यदि समय रहते ऐसे तत्वों को सबक नहीं सिखाया गया, तो संभव है कि ऐसे तत्व समाज में द्वेष और घृणा के बीज बोने का दुस्साहस करते रहें। सो अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणियां करने के आरोपी को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए।

**-डॉ. सुधाकर आशावादी**

# अवैध कब्जे और बेघर होता भारतः एक अंतहीन राष्ट्रीय संकट

सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की समस्या भारत में न तो नई है और न ही किसी एक क्षेत्र तक सीमित। यह एक ऐसी जटिल और बहुआयामी चुनौती है, जो शहरीकरण, पलायन, राजनीतिक स्वार्थ, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक मजबूरियों के सम्मिलित परिणाम के रूप में सामने आती है। देश के लगभग हर राज्य, हर बड़े शहर और अनेक कस्बों में सरकारी जमीन पर मकान, दुकानें, झुग्गियां, गोदाम, यहां तक कि बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान खड़े मिल जाते हैं। वर्षों तक यह सब कुछ खुलेआम होता रहता है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र या तो आंखें मूंदे रहता है या जानबूझकर चुप्पी साधे रहता है। जब अचानक विकास परियोजनाओं, सड़क चौड़ीकरण, रेलवे, मेट्रो, औद्योगिक गलियारों या स्मार्ट सिटी योजनाओं की जरूरत सामने आती है, तब सरकार की नींद खुलती है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होती है। इस प्रक्रिया में सबसे बड़ा संकट उन लोगों पर टूटता है, जो वर्षों से वहां रह रहे होते हैं और जिनका जीवन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य उसी जमीन से जुड़ चुका होता है। हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क जैसे संगठनों के आंकड़े इस समस्या की भयावहता को उजागर करते हैं। वर्ष 2017 से 2023 के बीच साढ़े तीन लाख से अधिक मकानों पर बुलडोजर चलाए गए और करीब सोलह लाख लोग बेघर हुए। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आने वाले समय में लगभग 1.7 करोड़ लोग ऐसे दायरे में हैं, जिनके घर विकास परियोजनाओं या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के कारण टूट सकते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्होंने अपनी जीवनभर की पूंजी लगाकर घर बनाए, बच्चों को स्कूल में डाला, आसपास रोजगार तलाशा और एक स्थायी जीवन की कल्पना की। जब ये घर टूटते हैं तो केवल दीवारें नहीं गिरतीं, बल्कि पूरे परिवार की सामाजिक और आर्थिक संरचना ढह जाती है।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को प्रायः एक आवश्यक प्रशासनिक कदम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन इसके मानवीय पक्ष को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। बेघर होना केवल सिर से छत छिनने की समस्या नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की संभावनाओं पर सीधा प्रहार है। बच्चों की पढ़ाई बीच में छूट जाती है, महिलाएं असुरक्षा और अस्थिरता के भय में जीने लगती हैं, बुजुर्ग इलाज और सहारे से वंचित हो जाते हैं और पुरुष वर्ग बेरोजगारी तथा मानसिक तनाव से जूझने लगता है। पुनर्वास योजनाएं कागजों पर तो आकर्षक लगती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में वे या तो अधूरी होती हैं या इतनी दूरस्थ जगहों पर लागू की जाती हैं कि वहां रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता है। इस पूरी समस्या का एक कड़वा सच यह भी है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एक दिन या एक रात में नहीं हो जाता। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, जिसमें प्रशासनिक उदासीनता, स्थानीय स्तर पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण की बड़ी भूमिका होती है। जब गांवों से पलायन कर गरीब परिवार शहरों की ओर आते हैं, तो उन्हें सबसे पहले सस्ती या खाली जमीन की तलाश होती है। सरकारी जमीन इस दृष्टि से सबसे आसान निशाना बनती है। पहले अस्थायी झोपड़ियां खड़ी होती हैं, फिर धीरे-धीरे पक्के मकान, दुकानें और अन्य निर्माण होने लगते हैं। सरकारी एजेंसियां एवं जिम्मेदार तो तब ही हरकत में आते हैं जब या तो कोई हादसा होता है या फिर विकास कार्यों के दौर में इन्हें हटाने की जरूरत पड़ती है। महज सात साल में 16 लाख लोगों के बेघर होने का आंकड़ा छोटा नहीं है। इनमें भी 58 प्रतिशत से ज्यादा के बेघर होने की वजह अतिक्रमण ही है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की मिलीभगत से अनदेखी होती है, यह भी किसी से छिपा नहीं है। बिजली, पानी, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी सुविधाएं भी किसी न किसी रास्ते से मिल जाती हैं, जिससे यह अतिक्रमण धीरे-धीरे 'वैधता' का भ्रम पैदा करने लगता है।

इस पूरी प्रक्रिया में भू-माफिया की भूमिका भी बेहद खतरनाक है। वे सरकारी जमीनों की पहचान कर गरीबों को वहां बसाते हैं, उनसे पैसे वसूलते हैं और बाद में राजनीतिक संरक्षण के जरिए उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखते हैं। चुनाव आते ही ये बस्तियां वोट बैंक में बदल जाती हैं। इस राजनीतिक खेल में न तो कानून की प्रतिष्ठा बचती है और न ही आम नागरिकों का भविष्य सुरक्षित रहता है। अतिक्रमण हटाने के बाद होने वाले नुकसान को यदि समग्र रूप से देखा जाए तो यह केवल प्रभावित परिवारों का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे देश का नुकसान है। एक ओर लोग अपने सीमित संसाधनों से घर बनाते हैं, दूसरी ओर सरकार अतिक्रमण हटाने पर भारी खर्च करती है। यदि शुरुआत में ही सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, समय पर निगरानी हो और अवैध कब्जे को बढ़ने से रोका जाए, तो यह दोहरा नुकसान टाला जा सकता है। दुर्भाग्य से हमारे यहां किसी परियोजना की घोषणा और उसके क्रियान्वयन के बीच लंबा अंतराल रहता है, जिसका फायदा अतिक्रमणकारी उठाते हैं। वर्षों तक जमीन खाली पड़ी रहती है और देखते ही देखते वहां एक पूरी बस्ती खड़ी हो जाती है। विकास के लिए कई बार राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विध्वंस की कार्रवाई जरूरी हो जाती है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए केवल बुलडोजर चलाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत एक ऐसी दूरदर्शी नीति की है, जिसमें अतिक्रमण रोकने की व्यवस्था शुरुआत से ही सख्त और प्रभावी हो। सरकारी जमीनों का डिजिटल रिकॉर्ड, नियमित सर्वेक्षण, स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई इस दिशा में जरूरी कदम हो सकते हैं। साथ ही शहरी गरीबों के लिए सस्ती आवास योजनाओं को वास्तविक जरूरतों के अनुरूप और रोजगार के करीब लागू करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि वे मजबूरी में अवैध कब्जे की ओर न जाएं। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर ईमानदार आत्ममंथन करना होगा। वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध अतिक्रमण को संरक्षण देना अंततः समाज और शासन दोनों के लिए घातक सिद्ध होता है। यदि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से हो और अवैध कब्जे को किसी भी स्तर पर समर्थन न मिले, तो ऐसी स्थितियां स्वतः कम होंगी। सरकारी भूमि जनता की साझा संपत्ति है और इसका उपयोग योजनाबद्ध विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए होना चाहिए, न कि अव्यवस्था और अवैध कब्जों के लिए। अंततः सवाल यही है कि क्या हम समस्या के मूल कारणों पर गंभीरता से विचार करेंगे या हर बार बुलडोजर के बाद कुछ दिनों की संवेदना दिखाकर आगे बढ़ जाएंगे। यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की प्रवृत्ति को समय रहते नहीं रोका गया, तो आने वाले वर्षों में बेघर होने वालों की संख्या और बढ़ेगी, सामाजिक असंतोष गहराएगा और विकास का दावा खोखला साबित होगा। जरूरत इस बात की है कि सरकार, प्रशासन, राजनीतिक दल और समाज मिलकर इस जटिल समस्या का मानवीय, न्यायपूर्ण और दूरगामी समाधान तलाशें, ताकि विकास भी हो और किसी का जीवन उजड़ने से भी बच सके।

समुचित देश एवं विभिन्न प्रांतो में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके लोगों ने न केवल अपने मकान बने कुछ भी खड़े कर लिए हैं कुछ व्यापारिक संस्थान और कुछ संस्थाएं भी संचालित हो रही है जब सरकार की नींद खुलती है तो इन सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करके बनाए गए मकान में रहने वाले लोगों को बेघर किया जाता है या उन्हें अन्यत्र बसाने की योजनाएं लागू की जाती है जिससे इन परिवारों और उनके सदस्यों की न केवल बेघर होने की समस्या खड़ी होती है बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं भी खड़ी होती है इन गतिविधियों को संचालित करने में विभिन्न राजनीतिक दलों को अपना वोट वोट बैंक दिखाई देता है और यह राजनीतिक दल ही ऐसी सरकारी भूमि पर लोगों को बचाने के षड्यंत्र करते हैं फिर उन्हें विस्थापित होने पर आंदोलन खड़े किए जाते हैं और अन्यत्र बसाने की मांग की जाती है यह भारत की एक जटिल समस्या है। क्यों नहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा होने की स्थितियों को सरकार पहले से ही गंभीरता से लेती?

**-ललित गर्ग**

# नशे की संगती, जीवन की बड़ी विपत्ति, वर्तमान यथार्थ और समाधान का भविष्य

नशा मानव जीवन की उन कमजोरियों में से एक है, जिसने युगों-युगों से व्यक्ति, परिवार और समाज को भीतर से क्षीण किया है। यह केवल आधुनिक समय की समस्या नहीं है, बल्कि इसके बीज पौराणिक काल तक फैले हुए दिखाई देते हैं। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि भारतीय पौराणिक परंपरा ने नशे को कभी जीवन-मूल्य नहीं माना, बल्कि उसे पतन का कारण बताया और आत्मसंयम को श्रेष्ठ गुण के रूप में प्रतिष्ठित किया।

पौराणिक काल में नशे का उल्लेख प्रतीकात्मक और सीमित रूप में मिलता है। देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त 'सुरा' और 'सोम' का प्रसंग प्रसिद्ध है। किंतु यह समझना आवश्यक है कि सोम कोई सामान्य नशीला पेय नहीं था, बल्कि वह यज्ञीय और औषधीय प्रयोजनों से जुड़ा दिव्य तत्व था, जिसका प्रयोग केवल विशेष अवसरों पर और संयमित रूप में होता था। इसके विपरीत, जब सुरा का प्रयोग असंयम और भोग के लिए हुआ, तो उसका परिणाम विनाशकारी सिद्ध हुआ। पुराणों में असुरों का पतन अक्सर उनकी भोगवादी प्रवृत्ति और मद्यपान से जोड़ा गया है, जो यह संकेत देता है कि नशा विवेक और मर्यादा के क्षय का कारण बनता है।

महाभारत में यदुवंश का विनाश नशे के दुष्परिणामों का सबसे सशक्त उदाहरण है। द्वारका में यादवों के बीच मद्यपान से उत्पन्न उन्माद ने उन्हें आपस में ही विनाश की ओर धकेल दिया। यह प्रसंग स्पष्ट संदेश देता है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे वंश और समाज को नष्ट कर सकता है। रामायण में भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन पूर्ण संयम और आत्मनियंत्रण का आदर्श है। वहाँ नशा कहीं भी आदर्श जीवन का अंग नहीं बनता, बल्कि त्याग, तप और संयम को ही श्रेष्ठ माना गया है।

बौद्ध और जैन परंपराओं ने तो नशे के विरुद्ध और भी स्पष्ट रुख अपनाया। भगवान बुद्ध के पंचशील में नशा न करने की प्रतिज्ञा आत्मिक जागरण की अनिवार्य शर्त है। महावीर स्वामी ने इंद्रिय संयम को मोक्ष का द्वार बताया। इन सभी परंपराओं का मूल संदेश यही है कि नशा मनुष्य को उसके लक्ष्य से भटका देता है और आत्मविकास के मार्ग में बाधा बनता है।

आज के समय में नशे की समस्या कहीं अधिक विकराल रूप ले चुकी है। शराब, तंबाकू, गुटखा, अफीम और सिंथेटिक ड्रग्स ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, विशेषकर युवा पीढ़ी को। नशा आज केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि संगठित अपराध, बेरोजगारी, पारिवारिक विघटन और मानसिक रोगों का कारण बन चुका है। इसका प्रभाव राष्ट्र की उत्पादकता और सामाजिक ताने-बाने पर भी पड़ता है।

नशे के विरुद्ध प्रभावी संघर्ष के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले, सामाजिक चेतना का निर्माण करना होगा। पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया जा सकता है कि नशा सदैव पतन का कारण रहा है। शिक्षा संस्थानों में नैतिक शिक्षा, योग, ध्यान और जीवन-कौशल को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि युवा तनाव से निपटने के लिए नशे का सहारा न लें।


दूसरे, परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संवादहीनता और भावनात्मक रिक्तता नशे की ओर पहला कदम होती है। यदि परिवार बच्चों को समय, स्नेह और सही मार्गदर्शन दे, तो नशे की संभावना स्वतः कम हो जाती है। तीसरे, शासन और समाज को मिलकर नशे के व्यापार पर कठोर नियंत्रण करना होगा। केवल कानून नहीं, बल्कि पुनर्वास और परामर्श केंद्रों का विस्तार भी आवश्यक है, ताकि नशे में फँसे व्यक्ति को अपराधी नहीं, रोगी समझकर उपचार दिया जा सके।

अंततः, नशे के विरुद्ध संघर्ष एक निरंतर अभियान है, न कि एक बार का कार्यक्रम। पौराणिक काल से लेकर आज तक का अनुभव यही सिखाता है कि जहाँ संयम, विवेक और मूल्य रहे, वहाँ समाज फला-फूला; और जहाँ नशा जीवन-शैली बना, वहाँ विनाश अवश्यंभावी हुआ। आज आवश्यकता है कि हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों की ओर लौटते हुए नशा-मुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेना होगा।

**-संजीव ठाकुर**

# विशाल वाहन रैली व कलश यात्रा के साथ होगा विराट हिंदू सम्मेलन

## युद्ध स्तर पर की जा रही तैयारियां, जुनियर योगी भी होंगे शामिल




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है। आयोजन समितियां जहां सुबह सवेरे प्रभात फेरी निकालकर आयोजन की अलख जगा रही है वहीं दिन और शाम के समय टोलियों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान जोर-शोर से किया जा रहा है।

श्री संकट मोचन हनुमान हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति सहसंयोजक मंगल नाहर ने बताया कि दिनांक 10 जनवरी शनिवार को महाराणा प्रताप बस्ती के हिंदू सम्मेलन का आयोजन टंकी चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर 2.30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रभक्ति गतिविधियों के साथ स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न विषयों पर संदेश प्रेरक प्रभावी नाट्य मंचन तथा महापुरुषों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां, संतो के आशीर्वचन मुख्य वक्ता का प्रभावी बौद्धिक तथा सामाजिक समरसता अंतर्गत एक संगत-एक पंगत का सहभोज आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समितियों की टोलियां विगत एक पखवाड़े से सक्रियता के साथ निरंतर संगठन कार्य में जुटी हुई है। आयोजन समिति संयोजक सुभाष मंडलोई तथा सहसंयोजक रामप्रसाद पाटीदार, रामकुंवर भूते तथा कोषाध्यक्ष चंचलनाथ योगी सहित समस्त समिति सदस्यों ने महाराणा प्रताप बस्ती के समस्त हिंदू परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

कड़ाके की ठंड में प्रभात फेरी और संपर्क- कड़ाके की ठंड के बीच लगातार गिरते तापमान की परवाह किए बगैर सनातन हिंदू शक्ति के जागरण हेतु नियमित प्रभात फेरी बस्ती में निकाली गई। प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे बस्ती के विभिन्न क्षेत्रों में राम-नाम के साथ टोलियों ने भ्रमण किया और दिन में उन्हीं क्षेत्रों में घरों से संपर्क और परिवार पंजीयन किया गया। इसके साथ ही संध्या के समय क्षेत्र की मातृशक्ति द्वारा भी आयोजन को लेकर महिलाओं की सायं फैरी निकाली जा रही है।

आज निकलेगी विशाल वाहन रैली- विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन के अलख जगाने के लिए कल दिनांक 8 जनवरी गुरुवार को शाम 4 बजे से सनातनी वीरों द्वारा बस्ती में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। उक्त वाहन रैली काली माता मंदिर स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर बस्ती के विभिन्न प्रमुख मार्गो आदर्श कॉलोनी, टंकी चौराहा, औद्योगिक क्षेत्र बेरछा रोड़, अयोध्या बस्ती, खाटू श्याम मंदिर, तालाब डेरा मार्ग, कांजा मार्ग, नहर मार्ग, कृष्णा कालोनी, शिक्षक कालोनी तथा पुनः नहर मार्ग से होती हुई काली माता मंदिर स्टेशन रोड़ पहुंचकर समापन होगी। उक्त रैली में युवाओं व पुरुष वर्ग से बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने का आवाह्न समिति ने किया है। इसके साथ ही मुख्य आयोजन दिवस दिनांक 10 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से स्टेशन रोड़ स्थित कृष्णा कालोनी से मातृशक्ति की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

जूनियर योगी होंगे आयोजन के मुख्य अतिथि- विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जूनियर योगी महंत श्री विजेंद्रनाथजी महाराज प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ का विशेष सानिध्य समाजजनों को प्राप्त होगा। साथ ही प्रमुख विषयों के लिए मुख्य वक्ता भी उपस्थित रहेंगे। मंच पर सभी समाजों के समाज प्रमुखों की उपस्थिति सामाजिक समरसता का प्रदर्शन करेगी।

# युवती ने युवक पर लगाया बलात्कार, ब्लैकमेलिंग व सगाई तुड़वाने का आरोप

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक युवती से रेप, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रेप, धमकी, ब्लैकमेलिंग और पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाजापुर निवासी 18 वर्षीय युवती ने आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि मार्च 2024 में उसकी मुलाकात काशी नगर निवासी सागर परमार से हुई थी। 20 जुलाई 2024 को आरोपित सागर पीड़िता को किसी काम के बहाने बाइक पर बैठाकर अपने दोस्त संदीप के द्वारकापुरी कालोनी स्थित घर ले गया। वहां आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती रेप किया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता का वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव बनाया। पीड़िता के अनुसार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने दो बार और उसके साथ जबरन रेप किया। वह लगातार फोन करके पीड़िता को परेशान करता रहा। जब आरोपी ने पीड़िता पर शादी का दबाव बनाया और उसने इनकार किया तो सागर ने उसे जान से मारने की धमकियां देना शुरू कर दिया। पीड़िता की सगाई होने पर आरोपित युवक ने उसके निजी फोटो भेजकर सगाई तुड़वा दी। बाद में आगर जिले में हुई दूसरी सगाई को भी आरोपी ने इसी तरह तुड़वा दिया। वहीं 5 जनवरी 2026 को भी आरोपी ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से पीड़िता के जीजाजी को फोन कर जान से मारने की धमकी दी। थाना कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया की सागर परमार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# 80 वर्षीय वृद्ध महिला को ठंड से बचाव के लिए दिया कंबल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंदकुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा समाजसेवा के अंतर्गत जरूरतमंदों को राहत प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नमिता बौरासी द्वारा कड़ाके की ठंड को दृष्टिगत रखते हुए एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला को शीत से बचाव हेतु कंबल का वितरण किया गया। इस पहल से वृद्ध महिला को ठंड से राहत मिली तथा मानवीय संवेदनाओं का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए समाज के कमजोर एवं असहाय वर्ग के प्रति सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प व्यक्त किया।

# विवादित भूमि पर हो रहा निर्माण कार्य



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाला साहेब पलसे ने निगम आयुक्त को आवेदन देकर बताया कि देवेन्द्र सोनी एवं महेश सोनी द्वारा विवादित भूमि पर कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए मकान का निर्माण किया जा रहा है तथा उनके द्वारा शासकीय कन्या विद्यालय चिमनाबाई में मकान निर्माण की सामग्री डंप की गई है जिससे कि बालिकाओं को पार्किंग में परेशानी आ रही है। श्री पलसे ने बताया कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है उस पर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, और उस पर स्टे लगा हुआ है। उसके पश्चात भी सोनी बंधुओं द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। श्री पलसे ने इस संबंध में 19 दिसम्बर को निगम आयुक्त एवं 31 दिसम्बर 2025 को महापौर जनसुनवाई में भी आवेदन दिया गया था। उक्त निर्माण कार्य नगर निगम से वैधानिक अनुमति/ स्वीकृत नक्शे के बिना किया जा रहा है तथा सिविल विवाद लंबित होने के बावजूद जानबूझकर निर्माण किया जा रहा है।

# युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस

## कार्यक्रम की तैयारी को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास प्रदेश में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सामूहिक सूर्य-नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश की समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10-30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा। यह आयोजन एक संकेत पर एक साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जनप्रतिनिधि भी होंगे शामिल- 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी।

# महापौर गीता अग्रवाल ने बड़ी टंकियों का निरीक्षण कर परखी जल गुणवत्ता



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। बुधवार को महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर की जल प्रदाय व्यवस्था में खुद मोर्चा संभालते हुए प्रमुख पानी की टंकियों का स्थल निरीक्षण किया। महापौर ने न केवल अधिकारियों से रिपोर्ट ली, बल्कि स्वयं सीढ़ियों के माध्यम से टंकियों पर चढ़कर पानी की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था और सप्लाई प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी उनके साथ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है, कि महापौर श्रीमती अग्रवाल ने हाल ही में जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों एवं वार्ड सुपरवाइजरों की बैठक लेकर पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए थे। बैठक में स्पष्ट किया गया था कि सभी पानी की टंकियों की नियमित एवं व्यवस्थित सफाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इन्हीं निर्देशों के पालन की समीक्षा के लिए महापौर ने बुधवार को शहर की बड़ी एवं ऊंचाई वाली पानी की टंकियों का निरीक्षण किया। उन्होंने शंखद्वार स्थित 15 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद साकेत नगर की 15 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी, जैतपुरा की 5 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी तथा देवास ग्रीन्स की ढाई लाख लीटर क्षमता वाली टंकी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कर्मचारियों से सफाई एवं सप्लाई व्यवस्था की जानकारी ली। नगर निगम की टीम द्वारा टंकियों के अंदर जमा गाद की सफाई की जा रही है। बुधवार को शहर की चार बड़ी पानी की टंकियों की सफाई करवाई गई। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने कहा

# परिवहन विभाग ने बागली क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर 14 वाहनों से 01 लाख 71 हजार रूपये का का राजस्व वसूला



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों एवं स्कूल बसों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान एवं उनके दल द्वारा बागली क्षेत्र में संचालित होने वाली यात्री/स्कूल बसों एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों की जांच की गई। दल द्वारा सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुरूप बसों में मापदण्ड पूर्ण है अथवा नहीं इसकी जांच की गई। जांच के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी रजिस्ट्रेशन आदि की जांच की गई। साथ ही वाहनों में अग्निशमक यंत्र, आपातकालीन द्वार, वीएलटीडी है अथवा नहीं इसकी जांच की गई। जांच कार्यवाही में स्कूल बसों के साथ ही यात्री बसों की जांच की गई। कार्यवाही में लगभग 54 बसों की जांच की गई। जिसमें से 14 वाहनों में दस्तावेजों के संबंध में अनियमितताएं पाई जाने पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 01 लाख 71 हजार रूपये का शमन शुल्क वसूल किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी देवास श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि वाहनों की जांच कार्यवाही जिले में निरन्तर जारी रहेगी। जिसमें नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध चालानी/जप्ती संबंधी कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही में श्री जसवंतसिंह दौहरे, सरफराज खान, निलेश साल्वे, बाबुलाल देवड़ा, शाकिर खान भगतसिंह भलावी शामिल थे।

# निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष श्री बैस ने किया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में आवारा श्वानों के प्रबंधन एवं कचरा निपटान व्यवस्था को लेकर महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल एवं निगम स्वास्थ्य समिति सदस्य प्रतिनिधि बाबू यादव उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री बैस ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर स्थित शेल्टर हाउस में श्वानों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिसमे पीने के पानी आदि व्यवस्था पाई गई।

इसके पश्चात ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों से प्राप्त गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक किए जाने तथा गीले कचरे से ग्रीन कम्पोस्ट खाद निर्माण की प्रक्रिया को भी देखा। इस खाद का उपयोग कृषि कार्यो एवं उद्यान विकास हेतु किया जा सकता है। उन्होंने किसानों एवं गार्डन संचालकों से अपील की है कि वे निगम द्वारा निर्मित ग्रीन कम्पोस्ट खाद का अधिकाधिक उपयोग करें।

# नगर में डाली जाने लगी गैस की पाइप लाइन, लोगों के घर में कनेक्शन भी किए जा रहे



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में गैस की पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इस पाइप लाइन के साथ ही घरों पर इसके कनेक्शन पाइंट भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस पाइप लाइन को कब तक चालू किया जाएगा, क्योंकि अभी तक संबंधित कंपनी द्वारा गैस सप्लाई के लिए प्लांट तक नहीं लगाया गया हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान नगर पालिका परिषद का गठन होने के पश्चात वर्ष 2022 में परिषद की दूसरी बैठक में नगर में गैस पाइप लाइन डालने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। इसके बाद प्रक्रिया चलती रही। अब कंपनी द्वारा नगर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा हैं। इसमें कंपनी द्वारा सबसे पहले आदित्य नगर और नगर के वार्ड क्रमांक-21 में पाइप लाइन डाली जा रही हैं। पाइप लाइन डालने के साथ ही कंपनी द्वारा लोगों के घर पर गैस मीटर और कनेक्शन पाइप लगाकर चेतावनी स्टीकर भी लगाया जा रहा हैं। इस चेतावनी स्टीकर पर हाई प्रेशर गैस पाइप लाइन और हेल्पलाइन नंबर भी लिखे हुए हैं। हालांकि अभी घरों पर लगाए जाने वाले मीटर और पाइप का कनेक्शन जमीन में डाली जा रही पाइप लाइन से नहीं किया जा रहा हैं। बताया गया कि जल्द ही पूरे नगर में यह कार्य किया जाएगा।

जहां दमकल वाहन पहुंच सकें वहां पर डाली जा रही लाइन

जानकारी के अनुसार गेल कंपनी द्वारा नगर के ऐसे क्षेत्रों में पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा हैं जहां की सड़कों की चौड़ाई ज्यादा हैं। इन सड़कों पर दमकल वाहन आसानी से पहुंच सके इसका ध्यान रखा जा रहा हैं। बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टी से कंपनी द्वारा इस तरह के क्षेत्रों का चयन करके कार्य किया जा रहा हैं।

अभी 500 जमा करवा रहे कनेक्शन पर और जमा करना होंगे 4 हजार रुपए- जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन डालकर घरों पर कनेक्शन के मीटर और पाइप लगाए जा रहे हैं उन घरों से कंपनी द्वारा 500 रुपए का शुल्क लिया जा रहा हैं। बताया गया कि कंपनी द्वारा गैस कनेक्शन कुल 4500 रुपए में दिया जाएगा। यहा सुरक्षानिधी जमा होगी, जिसे संबंधित उपभोक्ता के कनेक्शन कटवाने पर लौटा दिया जाएगा। ऐसे में अभी कंपनी द्वारा 500 रुपए का शुल्क लिया जा रहा हैं। शेष 4 हजार रुपए की राशि कनेक्शन जोड़ने पर ली जाएगी।

गैस प्लांट कहां लगेगा अभी इसकी नहीं जानकारी- नगर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य तो प्रारंभ हो गया हैं, लेकिन गैस पाइप लाइन में गैस पहुंचाने के लिए गैस प्लांट कहां पर डाला जाएगा अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई हैं। नगर पालिका के पास भी गैस पाइप लाइन डालने की जानकारी हैं, लेकिन इसका प्लांट कहां पर डाला जाएगा इसके बारें में कोई जानकारी नहीं हैं। बताया गया कि कंपनी द्वारा आगामी समय में इसकी जानकारी साझा की जाएगी।

इनका कहना है- हमारी परिषद बनने के बाद परिषद की दूसरी बैठक में गैस पाइप लाइन डालने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। इस पर अब कार्य जारी हैं। गेल कंपनी द्वारा पाइप लाइन डालकर लोगों के कनेक्शन के लिए मीटर और पाइप भी लगाए जा रहे हैं। अभी कंपनी द्वारा 500 रुपए सुरक्षानिधी ली जा रही हैं। कनेक्शन जोड़ने पर 4000 रुपए और लिए जाएंगे। जो कनेक्शन कटवाने पर संबंधित उपभोक्ता को पुनः मिल जाएंगे। कंपनी का प्लांट कहां पर लगाया जाएगा अभी इसकी जानकारी नहीं मिली हैं।

**- प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका-शाजापुर**

# जनसुनवाई के आवेदनों का समय सीमा मे हो निराकरण- महापौर



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 7 जनवरी बुधवार को महापौर जनसुनवाई के अन्तर्गत महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा जनसुनवाई की गई। नागरिकों के द्वारा निगम संबंधी समस्याओं के आवेदन दिये गये। वार्ड 2 के रहवासियों द्वारा अपना गृह निर्माण कालोनी, नई आबादी, वार्ड 43 बालगढ, निवासी आरबी भाई पटेल द्वारा अम्बेडकर भवन के जीर्णोद्धार करने, वार्ड 43 बालगढ निवासी महेश यादव, अजीत राठौर, सत्यनारायण कुमावत ड्रेनेज के पानी की समस्या के निराकरण तथा मनीयार बाखल निवासीगण कैलाश गौड, सविता जैसल, उर्मिला आदि के द्वारा गली से अतिक्रमण हटाने, पुष्प कुंज कॉलोनी निवासी बाबु पटेल के द्वारा नाली चौक होने, शुक्रवारिया हाट निवासी गीताबाई के द्वारा दुकान लगाने की अनुमति देने आदि सहित अन्य निगम संबंधी समस्याओं के आवेदन महापौर को दिये गये। महापौर के द्वारा पूर्व के 2 आवेदनों का समय पर निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये 3 दिवस मे उक्त आवेदन का निराकरण करने हेतु कहा। नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से महापौर ने चर्चा कर उनका निराकरण समय सीमा मे किये जाने के निर्देश दिये गये।

# सहज पब्लिक स्कूल के कार्तिक ने किया जिले को गौरवान्वित

## राष्ट्र स्तरीय जिम्नॉस्टिक प्रतियोगिता में हुआ चयन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल के कक्षा 9वी के छात्र कार्तिक मालवीय ने जिले को गौरवान्वित किया है, जिसने राज्य स्तरीय जिम्नॉस्टिक प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और चयनकर्ताओं ने अब कार्तिक को नेशनल में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है।

कार्तिक मालवीय का चयन इसके पहले उज्जैन में हुई राज्य स्तरीय जिम्नॉस्टिक प्रतियोगिता के लिए किया गया था। यहां कार्तिक ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया और शाजापुर जिले को एक नई पहचान दिलाई। साथ ही कार्तिक ने अपने प्रदर्शन और कला से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। नतीजन कलकत्ता में 14 से 17 जनवरी तक होने वाली 17 से 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं की 69 वी राष्ट्रीय शालेय जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए कार्तिक का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में चयनित होकर कार्तिक ने शाजापुर जिले को एक नई पहचान दिलाई है। कार्तिक ने उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में खुद को शामिल किया है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शाजापुर का प्रतिनिधित्व किया है। कार्तिक की इस उपलब्धि पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

विद्यालय परिवार ने किया स्वागत- दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले कार्तिक की इस उपलब्धि पर उसके विद्यालय परिवार ने भी कार्तिक को बधाई दी। बुधवार को विद्यालय प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन, संचालिका आशा जैन ने कार्तिक का स्वागत कर उसे शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन ने बताया कि यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है जब हमारे विद्यालय का बालक राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। संचालिका आशा जैन व प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन ने कार्तिक को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नई पीढ़ी, नई दिशा का आयोजन करेगी अभाविप

## 9 जनवरी को गांधी हाल में होगा वृहद कार्यक्रम का आयोजन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) शाजापुर युवा दिवस के उपलक्ष्य में लोकसभा युवा संसद, नई पीढ़ी, नई दिशा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। यह कार्यक्रम 9 जनवरी को गांधी हाल में आयोजित किया जाएगा।

पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी गई। प्रेस वार्ता में मालवा प्रांत के सह मंत्री मनोज जाट और शाजापुर नगर मंत्री पवन गुर्जर सहित विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की थीम विकसित भारत 2047 का आधार सामाजिक समरसता, सबका प्रयास और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद रखी गई है। इसमें लगभग 45 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जो लोकसभा की प्रक्रिया से समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि को 5000 रुपए, उपविजेता को 3000 रुपए और विशेष उल्लेख (प्रथम व द्वितीय) को 1000-1000 रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा, तीन माननीय उल्लेख पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। विजेताओं को ट्राफी, मेडल और सर्टिफिकेट मिलेंगे, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि देवास लोकसभा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी होंगे तथा आरएसएस के विभाग कार्यवाह शैलेन्द्र सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# सांसद कप खेल महोत्सव 16 जनवरी को

## सांसद श्री सोलंकी ने बैठक लेकर भव्य आयोजन के दिये निर्देश



**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र आगर में 16 जनवरी 2025 को सांसद कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी एवं एथलेटिक्स सहित कुल छह खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

आयोजन की पूर्व तैयारियों को लेकर आज सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के प्राचार्य, खेल संघों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभागों को दायित्व सौंपे गए तथा अधिक से अधिक युवाओं एवं खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सांसद श्री सोलंकी ने कहा कि सांसद कप खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। जिले में खेल महोत्सव का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया। व्यापक प्रचार प्रसार करें, जिससे की अधिकाधिक खेल प्रतिभा शामिल हो सके। सांसद ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस और खेल विभाग सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास और बेहतर समन्वय से खेल महोत्सव का सफल आयोजन करें।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राउत ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु 14 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागी 14 जनवरी को शाम 5 बजे तक कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में आकर ऑफलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सांसद कप खेल प्रतियोगिता में केवल विधानसभा क्षेत्र आगर के निवासी ही भाग ले सकेंगे, अन्य विधानसभा क्षेत्रों अथवा जिले के बाहर के प्रतिभागियों को अनुमति नहीं होगी। अधिक जानकारी हेतु प्रतिभागी रेम सिंह चौहान अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में विधायक मधु गेहलोत, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, बाबूलाल यादव, मयंक राजपूत, भरत प्रजापत, नितीन, सुरेश बैरागी, प्रमोद कारपेंटर, भागीरथ देवड़ा, शीतल जैन, बसंत भाटिया, नोडल अधिकारी सुदेश सांग्ते और प्रशासनिक अधिकारी अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एएसपी रविन्द्र कुमार बोयत, एसडीएम मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबडे, कमल मंडलोई, मोतीलाल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## थैलेसिमीया फाइटर बच्चों के लिए मृत्युंजय फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन




**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेल मृत्युंजय फाउंडेशन उन्हेंल द्वारा मेलेश्वर महादेव मंदिर आलोट जागीर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें थैलेसिमीया पीडिया बच्चों व जरूरतमंद के लिए 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया । शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए ब्लड से डॉ संगीता गुप्ता, डॉ प्राची खरे, लेब टेक्नीशियन गिरीश नंदवाल, मौजूद रहे। संस्था के संरक्षण राहुल चौहान , उपाध्यक्ष रघुनन्दन शर्मा के द्वारा समस्त जानकारी देते हुए बताया गया कि संस्था का यह 29 वाँ कैम्प था जो सभी रक्त दाताओं, ग्रामीण क्षेत्रों के भाई बंधु के द्वारा सफ़ल हुआ, संस्था का एक लक्ष्य है कि हम लगातार कैम्प करते रहेगे और यह थैलेसिमीया नामक जो रोग है उसके प्रति हम लोगों को जागरूक करते रहेगे, शिविर में मुख्य रूप से उज्जैन नागदा से रक्त मित्र सहयोगी साथी सुनील जी भावसार विनीत जी मेहंदीरता, सुयोग्य जी शर्मा, अशोक जी राठौर जी,के साथ नंदराम धाकड़, जगदीश धाकड़ ,गोविंद जी सलित्रा , व मेलेश्वर महादेव भक्तमंडल के सभी साथी उपस्थित रहे।

## करियर काउंसलिंग का आयोजन किया



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेंट थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वी के विद्यार्थीयों के लिये करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता फादर जॉबी, संजोस इंस्टिट्यूट ऑफ़ करियर गाइडेंस, उज्जैन ने विद्यार्थीयों को अपनी क्षमताओ, रुचियों, सकारात्मक सोच, स्पष्टता व सही अवसर पर निर्णय लेकर, अपने करियर को बनाने पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थीयों व पालकों द्वारा किये गये प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर प्राचार्या मोली टॉमी, शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षक राजेन्द्र शिर्के ने दी।

## 15 वर्ष से पुरानी बसों का अब नहीं होगा संचालन

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य परिवहन विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार यात्री बसें 15 वर्ष से अधिक अवधि में अब नहीं चल सकेंगीं। 15 वर्ष पुरानी बसों के परमिटों का नवीनीकरण नहीं किया जायेगा। ऐसी बसें चलती पाई गईं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने बुधवार को बस ऑपरेटरों एवं उनके अधिकृत अभिभाषकों की बैठक में स्पष्ट किया कि राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय का पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। संभागीय आयुक्त कार्यालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि 15 वर्ष से पुरानी यात्री बसों का अब परमिट नवीनीकरण नहीं किया जायेगा। ऐसी बसों के संचालकों को नई बसें क्रय कर ही संचालित करनी होंगीं। इस संबंध में बस संचालकों को परिवहन विभाग द्वारा नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने बस संचालकों एवं उनके अभिभाषकों से चर्चा करते हुए शासन के निर्णय से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष से पुरानी कोई भी बस अब संचालित नहीं होगी। ऐसी बसों का परमिट भी नवीनीकरण नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शासन के नियमों का पालन करते हुए पुरानी बसों के स्थान पर नई बसें लेकर संचालित करें। शासन के निर्णय का पालन न पाए जाने पर संबंधित बस संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बैठक में परिवहन अधिकारी श्री विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि ग्वालियर से 73 बसों को संभाग स्तर पर संचालित करने हेतु परमिट जारी किया गया है। इनमें से 59 बसें अभी भी शेष बची हैं। बाकी बस संचालकों द्वारा नई बसें लेकर संचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## ग्रामीण स्वच्छता को मिलेगा नया आयाम : वॉश ऑन व्हील सेवा लागू

**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ÷वॉश ऑन व्हील सेवा का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा इस सेवा को प्रदेश के सभी जिलों में संचालित किए जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यों से जुड़े स्वच्छता साथियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ की गई है। यह सेवा मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर आधारित एक ऑनलाइन सुविधा है।

इस अभिनव सेवा के अंतर्गत ग्रामीण नागरिक एवं संस्था प्रमुख नागरिक सुविधा मोबाइल ऐप (प्ले स्टोर पर ॅ वद ीममस ।चच) के माध्यम से अपने घरेलू एवं संस्थागत शौचालयों (विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत, स्वच्छता परिसर आदि) की साफ-सफाई हेतु मांग दर्ज कर सकेंगे। ऑनलाइन मांग प्राप्त होने पर संबंधित मैप स्वच्छता साथी आधुनिक उपकरणों के साथ निर्धारित स्थल पर पहुंचकर शौचालयों की साफ-सफाई करेगा। सेवा शुल्क के अंतर्गत संस्थागत शौचालयों हेतु 200 रुपए प्रति इकाई तथा घरेलू शौचालयों हेतु 50 रुपए प्रति इकाई निर्धारित किया गया है। संस्थागत शौचालयों का भुगतान संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा विभागीय मद या उपलब्ध निधि से किया जाएगा, जबकि घरेलू शौचालयों के लिए भुगतान संबंधित परिवार द्वारा किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को स्थायी एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए जिले में 24 क्लस्टर निर्मित किए गए हैं। प्रत्येक क्लस्टर में 10-12 पंचायतों एवं उनके पोषक ग्रामों को शामिल करते हुए प्रत्येक क्लस्टर हेतु एक स्वच्छता साथी को चिन्हित कर स्वच्छ एमपी पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभागों के अंतर्गत संचालित कार्यालयों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे मोबाइल ऐप इंस्टॉल कर उप-स्वास्थ्य केंद्रों सहित अपने परिसरों में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से सुनिश्चित करें तथा सेवा शुल्क का भुगतान विभागीय मद से किया जाए। की गई कार्यवाही से संबंधित जानकारी इस कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## वन विभाग ने किया अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वन विभाग द्वारा पायली वन क्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को जंगल भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम की थीम ÷मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंडलाधिकारी शाजापुर हेमलता शाह ने की। इस अवसर पर उपवनमंडलाधिकारी आगर फतेसिंह नीनामा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) देवनारायण यादव ने बच्चों को संबोधित किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदरसिंह पंवार ने बच्चों को वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी तथा जन्मदिन पर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। प्रकृति पथ भ्रमण, प्रश्नोत्तरी एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

## तहसीलदार के आतिथ्य में हुआ कैलेंडर का विमोचन



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** वर्तमान युग में युवा पीढी को सही राह पर होना अत्यंत आवश्यक है।आज का युवा अपने भविष्य एवं कैरियर को लेकर चिंतित है। ऐसे युवाओं को जब भी कैरियर काउंसलिंग की आवश्यकता लगे मैं सदैव उनकी सेवा हेतु तत्पर रहूंगी।

उक्त वक्तव्य वैश्य महासम्मेलन बड़नगर ईकाई के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़नगर तहसीलदार एवं वैश्य गौरव श्रीमती रूपाली जैन द्वारा व्यक्त किये गये। तहसीलदार का बहुमान महिला ईकाई अध्यक्ष श्रीमती सारिका बिलाला द्वारा पगड़ी, दुपट्टा एवं माला पहनाकर किया गया।तत्पश्चात वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष वनिषराज कटारिया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तत्पश्चात तहसीलदार द्वारा वर्ष 2026 का कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव साकेत गामा एवं आभार जिला महामंत्री मनीष पोरवाल ने माना। इस अवसर पर शिल्पी गुप्ता, नेपाली कटारिया, मोनिका पोरवाल, रिंकू काबरा, मनोज बिलाला, नवीन बिलाला, मनोज बाकलीवाल,नीलेश नीमा, ष्ट अभिषेक काला, तरुण नागर, नीता बिलाला, नवीन चौधरी, रूपाली विजयवर्गीय, डॉ अभिषेक कासलीवाल, अर्पित पोरवाल, नवीन काबरा, मनीष टोंग्या, प्रियंका पोरवाल, नीलेश काला, नीलम पोरवाल, रूपम गामा, कुशाल आंचलिया, राजकुमार पोरवाल, सचिन विजयवर्गीय, संजय पोरवाल, नीलम नीमा, मोना बाकलीवाल, नीता टोंग्या, नीलिमा काला, मोना नागर, चांदनी आंचलिया, प्रीति पोरवाल आदि उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी अंकित खाबिया ने दी।

## गौ सेवक बने रक्तवीर, साथ दिया बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था ने कुल 49 यूनिट के साथ सफल रक्तदान शिविर



**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माधव गौशाला समिति शाखा मुंडला कलां और बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था के संयुक्त तत्वाधान मे आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 49 यूनिट रक्त का दान हुवा।

माधव गौशाला समिति शाखा मुंडला कलां- द्वारा रक्तदान महादान के इस मानव सेवा के पूजनीय कार्य को सार्थक करते हुए बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और गौ भक्तो ने गौमाता के आशीर्वाद से मानव जीवन बचाने मे अपना योगदान दिया। सिविल अस्पताल रतलाम रक्त संचय टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। रक्तवीरों द्वारा काफी दिनों से शिविर को सफल बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे थे और उनकी मेहनत रंग भी लायी।

इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक प्रवीण व्यास, संरक्षक श्री शेखर नाहर, शिविर संचालक सुदीप भारती, शाखा प्रबंधक बालाराम सेन, गौ शाला संचालक एवं ग्रामीण जन बबलू राजपूत, मंगल पटेल, मंगल पाटीदार, ताराचंद पाटीदार, महेश पाटीदार

मंगलेश जी चमरिया,मंगलेश पटेल, ताराचंद पाटीदार, श्रीराम पाटीदार,दशरथ पाटीदार,गोविंद जी सेन,जीवन गुरा,चंद्रपाल सिंह डोडिया उपस्थित रहे।

संस्था सभी रक्तदाताओं का और गौभक्तो का आभार व्यक्त करती है।

## मतदाता सूची पर ब्लॉक अध्यक्ष का फोकस

### ब्लॉक अध्यक्ष का बीएलओ से लेकर बूथ स्तर तक मंथन



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई कांग्रेस पार्टी में आगामी चुनाव के लिए ब्लॉक स्तर पर पूरी प्लानिंग के साथ कार्य कर रही है अभी पिछले दिनों ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ने घर घर से लेकर बूथ स्तर तक अपनी प्लानिंग मे जुटीं है किसी प्रकार की कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं मंगलवार को सलसलाई ब्लॉक के बीएलओ की ब्लॉक अध्यक्ष शिव परमार ने पूर्व जिला अध्यक्ष अजब सिंह पंवार जयंत सिकरवार सहित अनेक वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों की मोजुदगी में बैठक आयोजित की गई थी बैठक में सलसलाई ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ अध्यक्ष एवं बीएलओ बैठक में शामिल हुए थे मतदाता सूची में हो रहे गहन प्रशिक्षण निरीक्षण कर अध्यन कार्य पर विशेष चर्चा कर सभी बथू अध्यक्ष को मजबूती से पार्टी हित के लिए कार्य करने की का पाठ पढ़ाया मटक में मौजूद जयंत सिकरवार ने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर समीक्षा की जाए मतदाता संख्या में कहां वृद्धि हुई है और कहां कमी साथ ही दो स्थान पर मतदान दर्ज होने जैसे अनेक पहलुओं पर विस्तार पूर्वक बैठक में मौजूद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी बात रखी ब्लॉक अध्यक्ष शिव परमार ने बूथ अध्यक्ष ब्लॉक के सभी पार्टी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा है कि आप निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए कार्य करें भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीबों के साथ अत्याचार हो रहा है डबल आई की जबरदस्त झूठ को चुनाव में प्रस्तुत करके किसानों को बर्बादी की ओर ले जा रहे हैं आगम में चुनाव में भाजपा को जड़ से उखाड़ के फेंकना है इसके लिए हम ऊपर से लेकर नीचे तक पार्टी को मजबूती की ओर ले जाने के लिए कार्य कर रहे हैं की बात कही।

## श्री संघ के 100 से अधिक धर्मालुजन करेंगे तीर्थंकरो प्रभु की मोक्ष भूमि शिखर जी और पंच तीर्थ की यात्रा




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** जैन धर्म में तप तपस्या आराधना का बहुत महत्व है और जब तीर्थ यात्रा स्पर्शना की बात हो तो यह पुण्य उदय और अधिक बढ़ जाता है बड़नगर सकल श्वेताम्बर जैन समाज के 111 के लगभग यात्रियों द्वारा शिखर जी सहित पंच तीर्थी जिसमें लछ्वाड़ रिजु बालिका पावापुरी कुंडलपुर नालंदाआदि तीर्थों की स्पर्शना कर प्रभु के चरणों में शीश नवा कर कर्मो की निर्जरा करेंगे यह अवसर प्रदान किया है सकल श्री संघ के सहयोग एवं दानवीर भामाशाहों के सहयोग से सेवा कार्यों में अग्रणी राजेंद्र सेवा समिति द्वारा भामाशाओं के सहयोग से न्यूनतम राशि से सभी यात्रियों को झारखंड राज्य स्थित शीखर जी सहित पंच तीर्थ की यात्रा कराई जा रही है इस यात्रा संघ में बाल युवा वयोवृद्ध महानुभाव यात्रियों द्वारा सहभागिता करते हुए पूरे हर्ष और उल्लास के साथ प्रभु के दर्शन करने को आतुर रहे हैं उल्लेखनीय हे कि सर्वाधिक यात्रियों वाला यह शिखरजी संघ अपने आप में एक इतिहास बनाते हुए निकला है मंगलवार को तीर्थ यात्रियों का बहुमांन करते हुए नगर वासियों द्वारा स्वागत बहुमान कर भव्य विदाई दी गई इसके पूर्व स्थानीय राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में लाभार्थी परिवार जिन्होंने पुण्योदय से मिली लक्ष्मी का सदुपयोग कर यात्रा करवाने में सहभागी बने हैं उनकी खूब-खूब अनुमोदना करते हुए श्री संघ एवं समितियां और साथियों द्वारा बहुमान किया गया विशेष उल्लेखनीय हे कि इस यात्रा में यात्रीगण अनेक तीर्थ की स्पर्शना करते हुए जैन समाज के 24 में से 20 तीर्थंकरों की मोक्षस्थली शिखर जी पहाड़ की यात्रा कर अपने आप को धन्य महसूस करते हुए प्रभु के दर्शन करने के पश्चात अपने आप को भाग्यशाली महसूस करेंगे बहुमान सभा में क्षेत्रीय विधायक जितेंद्र उदय सिंह जी पंड्या पूर्व विधायक मुरली मोरवाल सहित गणमान्य समाजजन एवं बाहर से पधारे लाभार्थी परिवार एवं यात्रीगण ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी यह यात्रा कुशल हो मंगल हो एवं आप पूरी तरह स्वस्थ रहकर पुण्य लाभ प्राप्त करो यात्रा व्यवस्था प्रभारी मनीष ओरा अमित कुमठ ने बताया कि यात्रा में समिति द्वारा यात्रियों के भोजन आवास नाश्ता आदि की संपूर्ण व्यवस्था की गई है उपरोक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार नाहर ने दी।

## ग्वालियर मेले में सजा है अनूठा स्टूडियो जहाँ तस्वीरें नहीं यादें कैद होती हैं

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय संस्कृति में गहरे तक रचे-बसे मेले केवल आमोद-प्रमोद के ही नहीं, मेल-जोल के सशक्त माध्यम बनते हैं। मेले की स्मृतियां सजोने में भी भारतीय जनमानस की गहरी रुचि रहती आई है। अनूठे अंदाज में परंपरागत रूप से मेलों में लगने वाले फोटो स्टूडियो इन स्मृतियों को संजोने में महती भूमिका निभाते थे। हालांकि आधुनिक डिजिटल युग में मोबाइल फोन क्रांति के बाद मेले के फोटो स्टूडियो अब उतने प्रासंगिक नहीं रहे हैं। फिर भी कुछ लोग मेले में फोटो स्टूडियो की परंपरा को आज भी निभाए जा रहे हैं। इस साल के श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में उत्तरप्रदेश के मेनपुरी शहर के निवासी अवधेश सिंह भदौरिया ने पारंपरिक व अनूठा फोटो स्टूडियो लगाया है। वे कहते हैं कि यहाँ तस्वीरें नहीं यादें कैद होती हैं। मेले की छत्री नं.-20 में अवधेश सिंह ने आकर्षक ढंग से भदावर कलर स्टूडियो सजाया है। इस स्टूडियो में फोटो खिंचवाने के लिए फूलों का झूला, सिंघासन, सीढ़ियाँ, कार, टैडी बियर इत्यादि सहित अन्य प्रकार के ऐसे मंच बने हैं जहाँ सैलानी फोटो खिंचवाकर मेले की यादों को चिरस्थायी बना सकें। अवधेश सिंह बताते हैं कि लगभग 40 साल से हम ग्वालियर व्यापार मेले में अपना स्टूडियो लगाते आए हैं। कोरोनाकाल को छोड़कर हर साल अपना स्टूडियो यहां पर लगाया है। पहले हम पूजा स्टूडियो के नाम से स्टूडियो लगाते थे। अब उसका नाम बदलकर भदावर स्टूडियो कर लिया है। मेले की स्टूडियो परंपरा के प्रति अपना लगाव व आत्मीयता जाहिर करते हुए अवधेश सिंह बोले कि हालांकि अब बहुत ज्यादा आमदनी नहीं होती, पर इस व्यवसाय को चाहकर भी नहीं छोड़ पा रहा हूँ।

## नेशनल पार्क सेंचुरी के ईकोसेंसेटिव जोन का बेसलाइन सर्वे पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा




**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश नेशनल पार्क सेंचुरी के ईकोसेंसिटव जोन के मास्टर प्लान निर्माण के लिये घाटीगाँव अभ्यारण्य क्षेत्र में अधिकृत कंपनी श्री सांई कंस्ट्रक्शन द्वारा बेसलाइन सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बेसलाइन सर्वेक्षण के प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जायेगा। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को ईकोसेंसेटिव जोन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित ईकोसेंसेटिव जोन की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, सीसीएफ श्री गोविल भारती, डीएफओ श्री अंकित पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित विभागीय अधिकारी और अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने बैठक में नगर निगम, जिला पंचायत एवं वन विभाग के अधिकारियों को कहा है कि बेसलाइन सर्वे में जो गांव शामिल हैं उन गांवों का सभी संबंधित विभागीय अधिकारी भ्रमण करें।

## सर्दी ने दिखाया अपना रोद्र रूप - खांसी,सर्दी, बुखार एव निमोनिया के बढे मरीज



**नागदा/अनुज नाहर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मौसम ने अपना मिजाज एकदम परिवर्तन करा है। जहाँ कुछ दिन पूर्व मौसम ठण्डा-गर्म था अब वही मौसम वर्तमान में शीतलहर की चपेट में चल रहा है। मौसम परिवर्तन से दिनचर्या में भी बदलाव होना स्वाभाविक हैं। शीतलहर के चलते शरीर का रक्तचाप भी कम ज्यादा होने की संभावना बनी रहती है। जिससे इंसान के शरीर में बिमारियों का डर बना रहता है। जिसमें विशेषकर बुजुर्ग व्यक्ति एवं छोटे-छोटे बच्चो पर इस शीतलहर का प्रभाव अक्सर देखने को मिलता है। पहले समय में इस मौसम को लेकर एक कहावत चरितार्थ थी कि यह मौसम खानपान के लिहाज से उत्तम है। इस मौसम में पाचन शक्ति मजबूत रहती है जिससे भोजन जल्दी पचता है। परन्तु अब समय वह नहीं रहा जो पहले हुआ करता था। पूर्व के समय की बात अब कोसो दूर चली गई है। वर्तमान समय में हर परिवार को मौसम के बदलते लिहाज से सतर्कता बरतना जरूरी है।

डा. दुबे, डा. चोधरी एव डा. शर्मा से हुए रूबरू- मालवा हेराल्ड के संवाददाता अनुज नाहर द्वारा बदलते हुए मोसम परिवर्तन को देखते हुए नगर के वरिष्ठ चिकित्सो से चर्चा कर नगरवासियो को किन किन बातो का विशेष ध्यान रखना चाहिये जिससे होने वाली मोसमी बिमारीयो से बचा जा सके इसके लिये शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनील चौधरी से रूबरू चर्चा कर जानकारी ली तो बताया कि बुजुर्गो एवं छोटे बच्चो को ठंड के मौसम में सुबह जल्दी एवं देर रात्रि में बाहर नहीं निकलना चाहिये। वयस्को एव सभी को प्रतिदिन 30 मिनिट का व्यायाम करना आवश्यक है। ठंड से बचाव हेतु अपने नाक, कान बंद रख कर हाथ व पैर के तलवो को उनी कपड़ो से ढकना चाहिये एव गर्म दूध का भी उपयोग करना चाहिये साथ ही चर्चा के दोरान यह भी बताया कि इस मोसम मे खांसी सर्दी बुखार एव निमोनिया के मरीज बढने लगे है इसलीये सावधानिया बरतना जरूरी है।

वहीं डॉ. अनिल दुबे ने चर्चा में बताया कि तली-गली व बाजार में बिकने वाले तथा ठंडे खाद्य पदार्थो आईसक्रीम, कोल्डड्रिंक्स से बचना चाहिये। ठंडा पानी व फ्रिज का पानी का सेवन नहीं करना चाहिये तथा पानी को गर्म कर पीना चाहिये। सुबह हल्की धूप में बैठकर शरीर को गर्म करना चाहिय वही बच्चो के विशेषज्ञ डा0 अन्नत शर्मा ने चर्चा मे बताया कि इस मोसम मे बच्चो को गर्म उनी मोजे एव केप का उपयोग जरूर करे साथ ही परिवार मे किसी को भी खांसी, सर्दी, बुखार होतो मास्क का उपयोग करे जिससे अन्य को बीमारी ना हो मास्क का उपयोग करने से संक्रमण फेलने का प्रभाव कम हो जाता है बडे बुजुर्गो एव बच्चो को कुनकुना गर्म पानी पिलाये

ठंड के इस मौसम में चिकित्सको की सलाह पर अपनी दिनचर्या को अपनाने से बिमारीयों से बचा जा सकेगा तथा शरीर निरोगी रहेगा।

# 10 लीटर अवैध जहरीली शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** पुलिस ने बुधवार को घेरा बंदी कर अवैध रुप से जहरीली शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची जहरीली शराब जप्त की गई ।

पुलिस को सूचना मिली थी कि भेरूजी मंदिर के पास बदनावर रोड बड़नगर पर एक व्यक्ति हाथ में थैली के अंदर प्लास्टीक की कैन जिसमें शराब लेकर बदनावर तरफ से आ रहा है । सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने टीम तैयार कर मौके पर कार्यवाही के लिये रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर संदीग्ध व्यक्ती को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी सुभाष राणा पिता सिमुन राणा उम्र 40 साल निवासी बड़ी धामनी थाना थांदला जिला झाबुआ के हाथ मे थैली थी जिसकी पड़ताल करने पर थैली के अंदर एक प्लास्टिक की कैन मिली जिसका ढक्कन खोल कर चैक करने पर उसमे हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ



शराब मात्रा करीबन 10 लीटर किमती करीबन 1000/- रुपये मिली। जिसे सुंघने पर प्लास्टिक की कैन में से तेज व तीखी यूरिया युक्त शराब की गंध आ रही थी जो की जहरीली प्रतीत हो रही थी उक्त शराब मानव जीवन के लिए हानिकारक हो सकती थी । बाद आरोपी से उक्त जहरीली शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी सुभाष राणा के विरुद्ध थाना बड़नगर पर अपराध क्रमांक 09/2026 धारा 34, 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपी सुभाष राणा से अन्य अपराधो के बारे में पुछताछ करते आरोपी द्वारा दिनांक 06.01.2026 को कस्बा बडनगर से मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया गया था । आरोपी से उक्त मोटर सायकल के बारे में पुछताछ करते बदनावर रोड तरफ झाडियो में छुपाना बताया था जो आरोपी द्वारा बताये स्थान बदनावर रोड के पास झाडियो से चोरी गई हिरो फेशन प्रो मोटर साईकल क्रमांक MP-13-ES-1746 किमती 85000/- रूपये की बरामद की गई है ।

उक्त मोटर सायकल चोरी की घटना का विवरण यह है की दिनांक 06.01.2026 को फरियादी सुनील पिता मांगीलाल चंदेल जाति खटिक उम्र 55 साल निवासी संजना पार्क बडनगर ने हाजीर थाना आकर अज्ञात आरोपी के द्वारा घर के सामने खडी हिरो फेशन प्रो मोटर साईकल क्रमांक MP-13-ES-1746 को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट की थी । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बडनगर पर अप.क्र.08/2025 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया है । गिरफ्तार शुदा आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है जंहा से आरोपी को जेल भेजा गया है।

आपराधिक रिकार्ड - अप.क्र.08/2025 धारा 303(2) बीएनएस।

अप.क्र.09/2026 धारा 34,49ए आब. अधि।

सराहनीय भूमिका- उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना बड़नगर पुलिस टीम निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, उनि हेमंत कटारे, सउनि गोवर्धन दास बैरागी, प्रआर हेमराज खरे, आर. नारायण सरा, आर.राकेश रायकवार की सराहनीय भुमिका रहा ।

## नशा समाज के लिए जहर, युवा इससे दूर रहे- न्यायाधीश अमूल मंडलोई



**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 तक साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय कन्या हाई स्कूल बड़वानी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमूल मंडलोई सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि नशा एक ऐसा जहर है, जो व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज को बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत से व्यक्ति की पारिवारिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति कमजोर हो जाती है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए सबसे जरूरी आत्म प्रेरणा और दृढ इच्छाशक्ति होती है। साथ ही कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन डायल ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाने के संकल्प प्रति जागरूक करना तथा युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास युवाओं को सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने के साथ-साथ समाज को स्वस्थ, जागरूक और नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती रचना पुरोहित, आस संस्था से संजय आर्य एवं शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वृन्दावन ग्राम बलवाड़ी के पशुपालकों का दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए धार जिले के नवादपुरा व डेयरी फार्म का भ्रमण कराया

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग की महत्वाकांक्षी वृन्दावन ग्राम योजना अन्तर्गत 07 जनवरी को धार जिले के निसरपुर विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम नवादपुरा में मनरेगा द्वारा निर्मित गौशाला क्षेत्र के प्रगतिशील पशुपालक कमल पटेल के निजी डेयरी फार्म का भ्रमण कराया। बड़वानी के प्रेमलाल के भैंस फार्म ग्राम बलवाड़ी के 15 पशुपालकों का दल जिन्हें दुग्ध उत्पादन में रूचि है। डॉ. विशाल साधव के नेतृत्व में गये पशुपालकों ने भ्रमण के दौरान पशुओं का आहार प्रबन्धन, दुग्ध उत्पादन व कृत्रिम गर्भाधान विधि से वत्स उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नवादपुरा में गीर नस्ल की गाय व बड़वानी में मुर्रा व जाफराबादी नस्ल की भैंस पालन की जानकारी के साथ टीकाकरण, उपचार, जैविक खेती, सन्तुलित आहार निर्माण आदि की जानकारी प्राप्त की। बड़वानी के प्रेमलाल धनगर ने बताया कि उसके पास 70 भैंस वर्तमान में दूध दे रही है जिनसे 450 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है व प्रतिदिन लगभग 7000 रूपये का शुद्ध मुनाफा होता है। इसके अलावा बछड़ों तथा अन्य पशुओं के खाद से अतिरिक्त लाभ होता है। पशुपालक स्वयं चारा उत्पादन, संतुलित आहार बनाकर खिलाता है। दुग्ध समिति को दूध प्रदाय करता है जिससे उसे लाभांश मिलता है।

## जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं, मरीजों को अनावश्यक रेफर ना करें

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ÷दिशा÷ की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन एवं मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को अत्यावश्यक होने पर ही बड़े शहरों के उच्च स्तरीय अस्पतालों में उपचार के लिए रेफर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला अस्पताल परिसर में मरीजों की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांसद श्री पाटिल ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में पेयजल व्यवस्था संबंधी पाइपलाइन में लीकेज चेक करवा लें। बैठक में विधायक खंडवा श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, विधायक पंधाना श्रीमती छाया मोरे, विधायक मांधाता श्री नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेडे के अलावा कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, वन मंडल अधिकारी श्री राकेश डामोर, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा तथा जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में सांसद श्री पाटिल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम, राष्ट्रीय सड़क विकास प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

# मंगलनाथ महादेव से अंगारेश्वर महादेव तक निकली महामंगल ध्वज यात्रा

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** अंग्रेजी कैलेंडर के नए साल के पहले मंगलवार को सुबह बडनगर की धरा भक्तिमय नजर आई । अंगारेश्वर महादेव भक्त मंडली बड़नगर के प्रमुख और यात्रा संयोजक प्रध्युम पण्डया भाईजी ने बताया कि सनातन धर्म की इस महामंगल यात्रा का यह चौथा वर्ष है ।जिसमें तहसील की धर्मप्रेमी जनता हाथों में भगवा ध्वज लेकर हर हर महादेव , जय महामंगल, जय अंगारेश्वर महादेव के जयघोष के साथ जुनाशहर स्थित प्राचीन श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर से सुबह 11 बजे महाआरती उतार कर शिप्रा तट स्थित अंगारेश्वर महादेव मंदिर उज्जैन के लिए महामंगल ध्वज यात्रा लेकर निकले है । मंगलवार को यात्रा के प्रारंभ में श्री सिद्ध हनुमान धाम परमहंस आश्रम भोले निवास (भोमलवास) श्री गोपाल कृष्णानंद जी महाराज , लोकप्रिय विधायक जितेंद्रसिंह पण्डया ने मंगलनाथ महादेव की आरती एवं ध्वज पूजन ओर अंगारेश्वर महादेव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। विधायक पण्डया ने उपस्थित सनातनियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी परंपरा सनातन की परंपरा है,जो हमें ऋषि मुनियों ने सौंपी है । उसका निर्वहन होना चाहिए । ये जो ध्वज यात्रा है, सनातन धर्म का ध्वज है। इसे हम झुकने न दे । जैसे देश के वीर जवान सीमा



पर दुश्मनों को सिने पर गोली खाकर भी मुंह तोड़ जवाब देते हैं और हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की रक्षा करते हैं । तत्पश्चात श्री गोपाल कृष्णानंद महाराज व विधायक पण्डया महामंगल ध्वज लेकर खुली जीप में सवार हुए और यात्रा की शुरआत की। दोपहर 3 बजे यात्रा अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुची जहा मुख्य पुजारी मनीष उपाध्याय ने अखिल भारतीय औदिच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल , विधायक जितेंद्रसिंह पण्डया , युवा इकाई राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन अवस्थी, डॉ राकेश पंड्या , डी पी भाईजी ,वासुदेव रावल, शैलेन्द्र सिंह झाला सहित अन्य भक्तों को पूजन अभिषेक करवा ध्वज अर्पण किया गया ततपश्चात ध्वज को शिखर पर लगाया गया ।जिसके उपरांत महाआरती कर प्रसादी वितरण की गई । महामंगल ध्वज यात्रा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज ,भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़ , इंगोरिया मंडल अध्यक्ष इंद्रपालसिंह पंड्या , भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश व्यास , भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश हारोड , भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयराज सिंह चिरोला बना ,जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, संतोष पंड्या ,विजय मेहता , अंकित त्रिवेदी लल्ला ,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा , आकाश यादव ,लाला पटेल ,हिमांशु शुक्ल , देवनारायण व्यास, अंकित दवे , हिमांशु रावल ,रवि भट्ट , यशप्रकश पंड्या , सहित अंगारेश्वर महादेव के भक्तगण शामिल थे ।उक्त जानकारी पीयूष पंड्या ने दी ।

इन मार्गो से होकर निकली यात्रा- महामंगल ध्वज यात्रा कोर्ट तिराहा होते हुए मौलाना ,रसूलाबाद ,खरसोद खुर्द ,सातवामिल , सरसाना ,इंगोरिया ,चिकली ,खडोतिया , मुल्लापुरा ,मेला ग्राउंड, गुमानदेव हनुमान ,खाकचौक ,सान्दीपनि आश्रम , श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर होते हुए श्री अंगारेश्वर महादेव पहुची।

## विशेष राजस्व समाधान शिविर 10 जनवरी 2026 को आयोजित होगा

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन निर्देशानुसार राजस्व के लंबित कार्यों का निराकरण किया जाना है, इस संबंध में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार राजस्व समाधान शिविर जिले की समस्त तहसीलों के राजस्व अधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि 10 जनवरी 2026 को ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

शिविर में बी-1 वाचन कराया जाना, राजस्व संबंधी आवेदनों शिकायत, सीमाकंन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व रिकार्ड में सुधार, ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एंव आधार से खसरा लिंकिंग, फॉर्मर रजिस्ट्री, सीएम हेल्पलाइन, जमीन संबंधी कब्जा दिलाने की कार्यवाही, रास्ते संबंधी विवाद का निराकरण एवं सार्वजनिक मार्ग, चरनोई भूमि, शमशान भूमि, मंदिर की भूमि, सार्वजनिक स्थान आदि के अतिरिक्त नदी, नाले पर अतिक्रमण को रोकना एवं अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर स्थल का मौका मुआयना कर किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाना तथा राहत राशि एवं दुर्घटना संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

समस्त तहसीलों के ग्राम पंचायतों में राजस्व अधिकारियों द्वारा शिविर लगाया जाएगा। तहसील झाबुआ की ग्राम पंचायत लोहारिया में तहसीलदार तह झाबुआ श्री सुनिल डावर, ग्राम पंचायत पिटोलबड़ी में ना. तहसीलदार तहसील झाबुआ श्री ललित नान्दले, ग्राम पंचायत भुराडाबरा में तहसीलदार तहसील रामा श्री प्रमेश जैन, ग्राम पंचायत रसोडी में ना. तहसीलदार तह रामा श्री बालकिशोर साल्वी द्वारा शिविर लगाया जाएगा।

ग्राम पंचायत दौतड़ में तहसीलदार तहसील राणापुर श्री हुकुमसिंह निंगवाल, ग्राम पंचायत मोरडुंडीया में ना. तहसीलदार तह राणापुर श्री मो. अयाज खान, ग्राम पंचायत ढाढानिया में तहसीलदार तहसील मेघनगर श्री पलकेश परमार, ग्राम पंचायत खान्दन में तहसीलदार तहसील थान्दला श्री सुकदेव डावर, ग्राम पंचायत पाटड़ी में ना. तहसीलदार खवासा श्री राजेश जमरा, ग्राम पंचायत अलस्याखेड़ी में तहसीलदार तहसील पेटलावद श्री अनिल बघेल, ग्राम पंचायत टोडी में ना. तहसीलदार झकनावदा तह. पेटलावद श्री विजेन्द्र कटारे एवं ग्राम पंचायत कसारबर्डी में ना. तहसीलदार तह. पेटलावद सुश्री अंकिता भिंडे द्वारा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में राजस्व अधिकारीयों द्वारा राजस्व सम्बन्धी कार्यों का निराकरण मौके पर भी किया जाएगा।

## ठीकरी जनपद पंचायत की 30 पंचायतों में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर के माध्यम से प्रशासन पहुँचा जनता के द्वार

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुँच सुनिश्चित करने और अंतिम छोर के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में नवाचारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में ठीकरी जनपद पंचायत की 30 ग्राम पंचायतों में क्लस्टर अनुश्रवण शिविरों का वृहद आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 30 सेक्टर अधिकारी सहित 120 से अधिक शासकीय अमले द्वारा शिविर के सफल आयोजन हेतु तत्पर रहा। इन शिविरों में मौके पर निराकृत होने वाली समस्याओं का मौके एवं शेष



समस्याओं का शीघ्र निराकृत करने पर ज़ोर दिया गया। इस शिविर के माध्यम से प्रशासन स्वयं उनके द्वार पर पहुँचा। प्रमुख गतिविधियों का विस्तृत विवरण 1. सामाजिक सुरक्षाः- मौके पर ही मिली पेंशन की सौगात शिविरों में पेंशन संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया।मोहीपुरा में श्री डोंगर सिंह और श्रीमती कावेरी बाई को तत्काल वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।ग्राम बावड़िया में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक मूक-बधिर बालिका कु. सानिया को दिव्यांग पेंशन और एक अन्य महिला को कल्याणी पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई।

# वन विभाग ने खैर लकड़ी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वन विभाग ने खैर लकड़ी के अवैध परिवहन के एक मामले में वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 07 जनवरी 2026 को तड़के लगभग 04ः00 बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बीटगार्ड पेटलावद द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी पेटलावद को खैर लकड़ी के अवैध परिवहन की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी पेटलावद द्वारा तत्काल वन अमले का गश्ती एवं चेकिंग दल गठित कर बीट पेटलावद क्षेत्र में भेजा गया।

गश्ती दल द्वारा बावड़ी- पेटलावद पक्का मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान सुबह लगभग 05ः25 बजे बावड़ी की ओर से आती एक महेन्द्रा बोलेरो पिकअप को रोका गया। वाहन का पंजीयन क्रमांक MP45 ZF 3048 पाया गया। जांच के दौरान पिकअप में खैर प्रजाति की गीली लकड़ी (कुल 110 नग) भरी हुई पाई गई।

वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आदिल पिता जरीन खान, निवासी अंतराय, पोस्ट खैरोद, तहसील एवं जिला धार बताया।

चालक द्वारा खैर वनोपज के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज अथवा परिवहन अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वनमंडलाधिकारी झाबुआ श्री अमित वसंत निकम एवं उपवनमंडलाधिकारी झाबुआ श्री एस.एल. यादव के मार्गदर्शन में उक्त वाहन को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मौके पर ही वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2097/02 दिनांक 07/01/2026 पंजीबद्ध किया गया।

अपराध में संलिप्त आरोपी वाहन चालक को पूछताछ हेतु वन परिक्षेत्र कार्यालय पेटलावद लाया गया तथा वाहन की राजसात कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया।

इस कार्यवाही में श्री अम्बाराम डामर, श्री दिनेश कुमार मालीवाड़, बीटगार्ड श्री राजेश डिंडोर, श्री प्रेमसिंह चारेल, श्री राकेश कुमार भाभर, श्री गोपाल सिंह सिसोदिया एवं ग्राम वन समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने किया अंजड़ और राजपुर विकासखंड का किया दौरा

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने बुधवार को जिले के अंजड़ और राजपुर विकासखंड का विस्तृत भ्रमण कर स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और कृषि से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण कलेक्टर ने सिविल अस्पताल अंजड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, प्रसूति कक्ष, दवाओं के स्टॉक और अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का सूक्ष्म अवलोकन किया। साथ ही, राजपुर के ग्राम तलवाड़ा डैब में एन्क्वास प्रमाणित आरोग्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली की भी सराहना की और स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

राजस्व प्रकरणों और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा तहसील कार्यालय अंजड़ के निरीक्षण के दौरान श्रीमती सिंह ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और रिकॉर्ड संधारण की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी के तहत मिलने वाली सुविधाओं में देरी न हो,आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। 3. कृषि, बागवानी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा जिले में कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने अंजड़ स्थित गुरुकृपा नर्सरी का अवलोकन किया। वहां तैयार किए जा रहे उन्नत किस्म के पौधों को देख उन्होंने बागवानी को बढ़ावा देने पर चर्चा की। इसके उपरांत, ग्राम चकेरी में प्राकृतिक खेती कर रहे प्रगतिशील किसानों के फार्म का अवलोकन किया और किसानों के अनुभवों को सुनकर उनके प्रयासों की सराहना की। 4. शिक्षा और खेल प्रतिभाओं पर फोकस ग्राम तलवाड़ा डैब में एकीकृत शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने हेतु निर्देश दिए।

## पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों को सलाह

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसान भाई को पाले से फसलों की सुरक्षा एवं सर्तकता हेतु सलाह दी जाती है कि पाला का पूर्वानुमानः जिस दिन आकाश पूर्णतया साफ हो, वायु में नमी की अधिकता हो। कड़ाके की सर्दी हो, सायंकाल के समय हवा में तापमान ज्यादा कम हो एवं भूमि का तापमान शून्य डिग्री सेंटीग्रेट या इससे कम हो जाए, ऐसी स्थिति में हवा में विद्यमान नमी जल वाष्प संघनीकृत होकर ठोस अवस्था में (बर्फ) परिवर्तित हो जाता है। इस साथ ही पौधों की पत्तियों में विद्यमान जल संघनित होकर बर्फ के कण के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं जिसने पत्तियों की कोशिका भित्ती क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे पौधों की जीवन प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन भी प्रभावित होता है। पाला से बचाव के उपाय-पाला पड़ जाने पर नुकसान की संभावना अत्यधिक होती है। ऐसी स्थिति में किसान भाई निम्नानुसार सावधानी अपना कर फसलो को बचा सकते हैं। पाले की संभावना पर रात में खेत में 6-8 जगह पर धुआं करना चाहिये।

यह धुआं खेत में पड़े घास-फूस अथवा पत्तिया जलाकर भी किया जा सकता है। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिये कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है। पाले की संभावना होने पर खेत की स्प्रिंकलर के माध्यम से हल्की सिंचाई कर देना चाहिये। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है।

सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिये तथा इतनी ही करनी चाहिये जित्तसे खेत गीला हो जाए। रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिये दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चलने है।

इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है। रसायन से पाला नियंत्रण वैज्ञानिकों द्वारा रसायनो का उपयोग करके भी पाले को नियंत्रित करने के संबंधी प्रयोग किये गए हैं। इसके अतिरिक्त 8 से 10 कि.ग्रा. सल्फर डस्ट प्रति एकड़ का भुरकाव अथवा वेटेबल या घुलनशील सल्फर 200 ग्राम या ग्लूकोस पाउडर 500 ग्राम बनाकर या प्रति थायो यूरिया 500 ग्राम या पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) 200 ग्राम प्रति 200 लीटर पानी में घोल छिड़काव करें। साइकोसिल 400 ग्राम प्रति एकड़ 200 मीटर पानी में घोलकर पति एकड़ छिड़काव करें।

# बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी हेतु कलेक्टर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की रेमेडियल कक्षाओं का किया निरीक्षण

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों में सुधार एवं उनकी प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयों में संचालित रेमेडियल कक्षाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर ने आज सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झाबुआ में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की रेमेडियल कक्षाओं का औचक निरीक्षण किया।



उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को सुदृढ़ बनाने हेतु जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में विषयवार रेमेडियल कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के परिपालन में विद्यालय स्तर पर निरंतर अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक कमजोरियों की पहचान कर उन्हें दूर करना है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं की नियमितता, अध्यापन व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की सहभागिता का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय कलेक्टर ने कक्षा 12वीं की गणित विषय की रेमेडियल कक्षा में उपस्थित होकर शिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से विषय की तैयारी के संबंध में संवाद किया। इसके अतिरिक्त प्री-बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत आज आयोजित हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र को लेकर छात्र-छात्राओं से चर्चा की गई एवं उनके द्वारा दिए गए उत्तरों की समझ और प्रस्तुति के बारे में जानकारी ली गई।

इसी प्रकार कलेक्टर ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की इलेक्टिव विषय आईटी की रेमेडियल कक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा कर उत्तर लेखन की पद्धति, तथ्यों की स्पष्टता एवं समय प्रबंधन के विषय में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं जीवन का महत्वपूर्ण चरण होती हैं, किंतु इन्हें तनाव का कारण न बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, विषय की गहन समझ और निरंतर अभ्यास से सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मॉडल प्रश्न पत्रों एवं मॉडल उत्तरों के माध्यम से अभ्यास करने तथा परीक्षा के दौरान उत्तर लिखते समय समय का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी, ताकि कोई भी प्रश्न अनुत्तरित न रहे।

कलेक्टर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक तनाव से दूर रहना भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थियों को प्रतिदिन 10 से 15 मिनट अपनी रुचि के अनुसार परिवार के सदस्यों से संवाद करने, संगीत सुनने अथवा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न होने की सलाह दी।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# सिंहस्थ की तैयारियां, अंगारेश्वर,सिद्धवट और गढ़कालिका मंदिर का कलेक्टर और मेला अधिकारी ने किया निरीक्षण

## पुनरुद्धार और श्रद्धालु सुविधाओं के विस्तार की बनेगी कार्ययोजना, जल निकासी, फिसलन रहित फर्श और पार्किंग पर जोर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत बुधवार को सिंहस्थ मेला अधिकारी सह संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अंगारेश्वर, सिद्धवट और गढ़कालिका माता मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिरों के पुनरुद्धार और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के समय अधिकारियों ने कहा कि सिंहस्थ में लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं, ऐसे में मंदिर परिसरों में सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक व्यवस्थाएं प्राथमिकता पर की जाएं। सिद्धवट मंदिर में विशेष रूप से जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसे पुनरुद्धार योजना में प्रमुख रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए।

फिसलन रहित फर्श और बेहतर पूजा व्यवस्था - मेला अधिकारी और कलेक्टर ने मंदिर परिसरों में फिसलन से बचाव के लिए उपयुक्त पत्थर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश या भीड़ के समय दुर्घटनाओं की आशंका न रहे। साथ ही विभिन्न प्रकार की पूजाओं, यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पर्याप्त स्थान और व्यवस्थाएं करने को कहा गया।

पार्किंग और होल्डिंग एरिया का होगा चिन्हांकन- श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिरों के आसपास पार्किंग और होल्डिंग एरिया के लिए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भीड़ प्रबंधन और यातायात सुचारू रखने के लिए यह व्यवस्था अत्यंत जरूरी है।

पुजारियों और मंदिर प्रशासन से चर्चा - कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मंदिरों के पुजारियों और मंदिर प्रशासन से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का संतुलन बना रहे।

निरीक्षण के दौरान यूडीए सीईओ संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा मौजूद थे। अधिकारियों ने कहा कि सिंहस्थ 2028 को सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं।

## पेड़ पर लटका मिला शराबी वृद्ध का शव



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुछ दिनों से लगातार शराब पी रहे वृद्ध का शव बुधवार को पेड़ पर लटका मिला। वही पति से अलग रहने महिला ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया प्रेम एवेन्यू गेट के समीप पेड़ पर एक वृद्ध का शव लटका देख कुछ लोगों ने सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान के प्रयास किया तो फंदे पर लटका वृद्ध देवी लाल पिता फूल सिंह 55 वर्ष निवासी अपना नगर होना सामने आया। परिजनों के आने पर सामने आया कि तीन-चार दिनों से लगातार शराब पी रहे थे डॉक्टर ने शराब पीने से भी मना कर रखा था। सुबह घर से निकलने थे उसके बाद वापस नहीं लौटे थे। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। वही घटिया तहसील के ग्राम सैलारी में रहने वाली तनु भाई पति सोनू बंजारा 23 साल ने अपने घर का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली । परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे पुलिस में दरवाजा तोड़ा और शव को फंदे से उतारा। जिसे पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। परिजनों ने बताया कि 2022 में शादी हुई थी लेकिन पिछले डेढ़ साल से वह पारिवारिक बात के चलते मायके में रह रही थी। पुलिस के अनुसार जांच और परिजनों के बयानों के बाद ही फांसी लगाने की वजह सामने आ पाएगी।

## पेयजल एवं वार्डो की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए - निगम अध्यक्ष




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा झोन क्र. 04 एवं 5 की बैठक नेताप्रतिपक्ष रविराय, झोन अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहर, पुरूषोत्तम मालवीय, एमआईसी सदस्य श्रीमती दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, अनिल गुप्ता, जितेन्द्र कुंवाल, कैलाश प्रजापत, पार्षद नीलम राजा कालरा, राखी कड़ेल, प्रभारी आयुक्त संतोष टेगौर, पवन कुमार, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, संजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ ही पार्षद प्रतिनिधि बालकृष्ण पटेल, सुनील चावण्ड, मांगीलाल कड़ेल, खुशाल गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित की गई।

निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा पार्षदगणों से वार्ड वार चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन पेयजल वितरण के दौरान टंकी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए नागरिकों से चर्चा की जाए तथा उनके द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए, घरों के कुएं एवं बोरिंग के पानी का सैंपल लिया जाकर जांच की जाए, नियमित रूप से की जा रही कुएं, बावड़ी एवं तालाबों की सफाई एवं क्लोरिन डालने की प्रक्रिया की निरंतरता को बनाए रखा जाए, पार्षदगणों एवं रहवासियों से प्राप्त होने वाली पेयजल सम्बंधित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल निराकरण किया जाए। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि झोन कार्यालयों पर आने वाले हितग्राहियों एवं नागरिकों से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए उनके द्वारा बताए जा रहे कार्यो में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए तथा बताई जाने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए, जिन कार्यों के टेंडर पूर्ण होकर वर्क आर्डर जारी हो चुके हैं।

## उज्जैन को मिलेगा पहला आईटी पार्क, 2 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

### सिंहस्थ-2028 से पहले होगा तैयार, 46 करोड़ की लागत से बन रहा हाईटेक आईटी हब

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने शहर का पहला आईटी पार्क तेजी से आकार ले रहा है। यह आईटी पार्क न केवल उज्जैन के युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में रोजगार देगा, बल्कि शहर की आर्थिक गतिविधियों में भी नई विविधता लाएगा। वर्तमान में बेसमेंट और दो फ्लोर का निर्माण कार्य जारी है और अब तक लगभग 30 से 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। आईटी पार्क का निर्माण सिंहस्थ-2028 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



आईटी पार्क का निर्माण मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है। विभाग के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ ने बताया कि पहले चरण में इस परियोजना पर करीब 46 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके तैयार होने के बाद उज्जैन धार्मिक-पर्यटन नगरी के साथ-साथ आईटी नगरी के रूप में भी नई पहचान बनाएगा।

सीएम ने किया था भूमिपूजन- 21 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईटी पार्क का भूमिपूजन किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि यह आईटी पार्क उज्जैन के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे पूरे मालवांचल के युवाओं को तकनीकी रोजगार, नवाचार और स्टार्टअप से जुड़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे।

यह सब होगा आईटी पार्क में- श्री राठौड़ ने बताया कि आईटी पार्क का निर्माण 2.161 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है। इसमें 11,239 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अत्याधुनिक बिल्डिंग बनाई जाएगी, जिसकी ऊंचाई 31.7 मीटर होगी। बिल्डिंग को आधुनिक आर्किटेक्चर के अनुसार डिजाइन किया गया है, जिसमें केंटिलीवर छज्जे, वक्राकार रेखाएं, वैनिशिंग पॉइंट्स और दोहराव वाले पैटर्न शामिल होंगे।

हर फ्लोर पर कर्मचारियों और कंपनियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टॉयलेट, कैफेटेरिया, ड्रिंकिंग वाटर, लिफ्ट और हाईटेक ऑफिस सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। आईटी कंपनियों और स्टार्टअप्स को यहां सभी एडवांस इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं मिलेंगी।

2 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर- उन्होंने कहा कि आईटी पार्क के चालू होने के बाद यहां देश की कई बड़ी आईटी कंपनियों और स्टार्टअप्स के ऑफिस खुलेंगे। इससे करीब 2 हजार युवाओं को सीधे रोजगार मिलने की संभावना है। इससे उन युवाओं को बड़ा लाभ मिलेगा, जो अब तक नौकरी के लिए इंदौर, भोपाल, पुणे या बेंगलुरु जैसे शहरों का रुख करते थे। आईटी पार्क के माध्यम से युवाओं का पलायन रुकेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### एक नजर में उज्जैन आईटी पार्क

कुल भूमि = 2.161 हेक्टेयर
निर्माण क्षेत्र = 11,239 वर्ग मीटर
बिल्डिंग ऊंचाई = 31.7 मीटर
वर्तमान स्थिति = 30–40% कार्य पूर्ण
पहला चरण लागत = 46 करोड़ रुपए
अनुमानित रोजगार = लगभग 2,000 नौकरियां

## रेलवे ट्रेक से मृत मिले युवक की नहीं हुई पहचान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम नईखेड़ी और रातडिया के बीच रेलवे ट्रेक से सोमवार देर शाम एक युवक की लाश क्षत-विक्षप्त हालत में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बरामद की थी। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया पहचान नहीं होने पर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। भेरूगढ़ थाना एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि उज्जैन से रतलाम जा रही साबरमती एक्सप्रेस से गिरने पर युवक की मौत होना सामने आया है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज और टिकट नहीं मिला है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल के लगभग है। उसने आसमानी रंग की जींस, चाकेलटी रंग की जरकीन पहन रखी है। उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। मंगलवार शाम तक कुछ पता नहीं चल पाया था। बुधवार दोपहर तक परिजनों की जानकारी सामने नहीं आई तो शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया पूरी की गई है।

## कलेक्टर श्री सिंह ने वीसी के माध्यम से एस आई आर कार्य की समीक्षा की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में चल रहै कार्य की विधानसभा-वार समीक्षा की।

## महाकाल की नगरी में फिर गूंजेगा शिव संगीत, 14 से शुरू होगा महाकाल महोत्सव

### नए वर्ष में उमड़ी भीड़ हुई कम होने के बाद बदली दर्शन व्यवस्था, देश-विदेश के कलाकार करेंगे शिव आराधना

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** न्यू ईयर और क्रिसमस की छुट्टियों में उमड़ी भारी भीड़ के बाद अब श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एक बार फिर भक्ति और संस्कृति के रंग में रंगने जा रहा है। 14 जनवरी से पहली बार श्री महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के नामी कलाकारों के साथ विदेशी कलाकार भी शिव भक्ति की प्रस्तुति देंगे।

मंदिर प्रशासन के अनुसार न्यू ईयर की भीड़ समाप्त होते ही 6 जनवरी से दर्शन व्यवस्था को पहले की तरह कर दिया गया है। अब श्रद्धालु गेट नंबर चार, गेट नंबर एक और अवंतिका द्वार से पूर्ववत दर्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही महोत्सव की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं।

भक्ति, संगीत और संस्कृति का संगम- मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पहली बार आयोजित हो रहे इस महोत्सव का उद्देश्य महाकाल की सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाना है। महाकाल लोक और त्रिवेणी संग्रहालय परिसर में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें शास्त्रीय संगीत, लोकनृत्य और शिव केंद्रित प्रस्तुतियां होंगी।

सितारों से सजी रहेंगी शामें- 14 जनवरी को महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। उद्घाटन की शाम प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन और सिद्धार्थ शिवम की शिवोहम प्रस्तुति से भक्तिमय माहौल बनेगा।

15 जनवरी को ग्रेट इंडियन क्वायर 'शिवा' विषय पर प्रस्तुति देगा।

16 जनवरी की शाम प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा के नाम रहेगी।

17 जनवरी को इंदौर के श्रेयस शुक्ला और उनका बैंड सुगम संगीत प्रस्तुत करेगा।

18 जनवरी को इंडोनेशिया और श्रीलंका के कलाकार अंतरराष्ट्रीय स्तर का शिव नृत्य-नाट्य प्रस्तुत करेंगे।

लोकनृत्य और कला यात्राओं का आकर्षण- महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में जनजातीय लोकनृत्यों की प्रस्तुति होगी। भारिया, गौंड, काठी और भील जनजाति के पारंपरिक नृत्य श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराएंगे।

शिव बारात और कला यात्राएं भी निकलेंगी- 14 जनवरी को बस स्टैंड से महाकाल लोक तक शिव बारात (माच शैली) निकाली जाएगी।

15 जनवरी को रामघाट से डमरू वादन दल और, 17 जनवरी को बुधवारिया से महाकाल लोक तक मलखंभ दल कला यात्रा के रूप में प्रदर्शन करेगा।

शिव तत्व पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी- 15 जनवरी को सुबह 10.30 बजे 'शिव तत्व और महाकाल' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी, जिसमें देश-विदेश के विद्वान शिव तत्व, इतिहास और संस्कृति पर अपने विचार रखेंगे।

### एक नजर में दर्शन व्यवस्था

नए वर्ष की भीड़ समाप्त
6 जनवरी से पुरानी दर्शन व्यवस्था लागू
गेट नंबर 4, गेट नंबर 1 और अवंतिका द्वार से प्रवेश
महोत्सव के दौरान भी दर्शन व्यवस्था यथावत रहेगी

प्रशासन का कहना- मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि भीड़ समाप्त होते ही दर्शन व्यवस्था को पहले की तरह कर दिया गया है। अब 14 जनवरी से होने वाले श्री महाकाल महोत्सव की तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

## कार सवारों ने टोल कर्मचारी पर चाकू से किया हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिना टोल चुकाए कार को आगे बढ़ाने की बात पर हुए विवाद में बीती रात 4 युवको ने टोल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है

उन्हेल-नागदा मार्ग पर बने चकरावदा टोल कर्मचारी अरुण पिता इंदर सिंह 27 वर्ष निवासी ग्राम जमालपुरा इंदौर रोड को चार युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। टोल के अन्य कर्मचारी घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर भैरूगढ़ थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल अरुण के बयान दर्ज किए गए। उसने बताया कि उन्हेल की ओर से कार टोल पर आकर रुकी थी, बैरियर बंद था। अन्य गाड़ियां भी टोल पर आई थी। कार को आगे बढ़ाने की बात चालक से कही गई तो उसमें सवार चार युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। चारों कर से बाहर आए, दो के पास चाकू थे और दो के हाथों में लोहे के पाइप थे। चारों ने अचानक हमला कर दिया। चाकू और पाइप से उसे चोट लगी है। एसआई सेंधव के अनुसार मामले में चार अज्ञात युवको के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर कार दिल्ली पासिंग होना सामने आई है। हमला करने के बाद चारों कार से उज्जैन की ओर भागे हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।

## तीन साल में अजाक थाने में सिर्फ दो प्रकरण, 2025 रहा शून्य

### एसपी के निर्देश- सभी थानों पर दर्ज होंगे अजाक से जुड़े मामले, बल को अन्य थानों पर लगाया जाएगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस थाना अजाक में पिछले तीन वर्षों के दौरान महज दो ही प्रकरण दर्ज होने का मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2025 में अजाक थाने में एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने अजाक थाने के बल को अन्य थानों में लगाने और अजाक से संबंधित प्रकरण सभी थानों पर दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार अजाक थाना अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों के लिए गठित है, लेकिन इसके बावजूद प्रकरणों की संख्या लगातार नगण्य बनी हुई है। वर्ष 2023 में केवल एक, वर्ष 2024 में एक और वर्ष 2025 में एक भी मामला दर्ज नहीं होना पुलिस विभाग के लिए समीक्षा का विषय बन गया है।

12 सदस्यीय स्टाफ, फिर भी नहीं आए मामले- अजाक थाने में वर्तमान में एक थाना प्रभारी (टीआई), एक सहायक उपनिरीक्षक सहित कुल 12 लोगों का स्टाफ पदस्थ है।

इसके बावजूद तीन वर्षों में केवल दो प्रकरण दर्ज होना सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस महकमे का मानना है कि संबंधित प्रकरणों को अब संबंधित क्षेत्र के थानों में ही दर्ज किया जाएगा, जिससे पीड़ितों को सीधे अपने नजदीकी थाने पर सुविधा मिल सके।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अजाक से संबंधित प्रकरणों के पंजीयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि अजाक अधिनियम से जुड़े मामले सामने आते हैं तो वे तत्काल संबंधित थाने में दर्ज किए जाएं।

### अजाक थाना उज्जैन एक नजर में

वर्ष 2023- 1 मामला
वर्ष 2024- 1 मामला
वर्ष 2025- 0 मामला
स्टाफ- 1 टीआई, 1 एएसआई सहित कुल 12 कर्मचारी

## दो पहिया वाहनों पर लगाए गए एंटी डोर प्रोटेक्टर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पतंग उत्सव मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाया जायेगा। इससे पहले प्रतिबंधित चाइना डोर से बाइक सवारों का गला कटने की घटना सामने आ रही है। जिससे बचाव के लिये यातायात पुलिस ने दोपहिया वाहनों पर यू आकार का एंटी डोर प्रोटेक्टर सुरक्षा कवच लगाये।



पतंगबाजी में उपयोग हो रही चाइना डोर खूनी साबित हो चुकी है। कुछ सालों से लगातार मकर संक्रांति से पहले प्रशासन द्वारा प्रतिबंध आदेश जारी किये जा रहे है। पुलिस भी चाइना डोर बेचने और पतंग उड़ाने वालों की धरपकड़ में लगी है, ताकि किसी का नाक-गला कटने की गंभीर घटना ना हो। इस सबके बीच यातायात पुलिस ने भी चाइना डोर से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिये अभियान शुरू किया। डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि दो पहिया वाहनों पर सुरक्षा के लिये एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाये जा रहे है। जो यू आकार का सुरक्षा कवच है। इससे दो पहिया वाहन चलाते समय चाइना डोर सीधे गले या चेहरे पर आने से बच सकती है। यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाते समय उसके फायदे भी चालकों को बताये। एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा यातायात पुलिस द्वारा चाइना डोर से बचाव के लिये शुरू किये अभियान की प्रशंसा की।

## सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह के साथ कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत जिले के प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ मेला अधिकारी सह संभागायुक्त श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर निरीक्षण कर सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत जिले के प्रमुख मंदिरों के पुनरुद्धार और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा विस्तारीकरण के कार्य की कार्ययोजना बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



निरीक्षण की शुरूआत श्री चिंतामण गणेश मंदिर से की गई। श्री चिंतामण गणेश मंदिर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग,दर्शन व्यवस्था और धर्मशाला के स्थानों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार करने के दिशा निर्देश दिए।

श्री शनि मंदिर पर निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि मंदिरों के सामने खुला एरिया रखे जिससे शिखर श्रद्धालुओं को दूर से दिखे,एडमिन ब्लॉक मंदिर के साइड में रखे,श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाए,पहुंच मार्ग की चौड़ाई 10 मीटर से अधिक रखे, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त छांव की व्यवस्था हो,पर्याप्त संख्या में वाहन पार्किंग की सुविधा कार्ययोजना में समाहित करने के निर्देश दिए।

भूखी माता मंदिर के निरीक्षण के दौरान यज्ञ शाला ,भंडारे और बलि के लिए व्यवस्थित जगह, पार्किंग और शौचालय सुविधा,भूखी माता मंदिर पहुंच मार्ग का थोड़ा आगे से निर्माण करने की कार्ययोजना में समाहित करने के निर्देश दिए।

## सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट से कराया मुक्त

### पुलिस ने बैंक पहुंचकर राशि ट्रांसफर करने से रोका, बैंक करने की रही भूमिका

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आर्मी से सेवानिवृत अधिकारी और उनकी पत्नी को मुंबई पुलिस बनकर कुछ बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया था। सेवानिवृत अधिकारी बदमाशों को राशि ट्रांसफर करने के लिए बैंक पहुंचे थे, लेकिन बैंक के सीनियर एसोसिएट की समझदारी से पुलिस ने सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी को धोखाधड़ी से बचा लिया।



पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर को लेकोड़ा में रहने वाले आर्मी से सेवानिवृत लेफ्टिनेंट नई सड़क स्थित एसबीआई बैंक पहुंचे थे और अपने खाते से 3 लाख का आरटीजीएस करने की बात कहने लगे। उनकी घबराहट और लगातार मोबाइल पर बातचीत होती देख बैंक के सीनियर एसोसिएट प्रियंक को संदेह हुआ उन्होंने अपनी परिचित खाचरोद एसडीओपी आकांक्षा को मामले की जानकारी दी। एसडीओपी ने उज्जैन पुलिस को सूचना दी। माधव नगर सीएसपी दीपिका शिंदे, कोतवाली सीएसपी राहुल देशमुख तत्काल बैंक पहुंच गए उन्होंने सेवानिवृत अधिकारी से जानकारी ली। पहले तो वह कुछ बताने को तैयार नहीं हुए लेकिन बाद में पुलिस की समझाइए पर उन्होंने घटनाक्रम बताया। उन्हें दो दिनों से डिजिटल अरेस्ट कर रखा था और मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का भय दिखाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक शर्मा के अनुसार मामले में आर्मी से सेवानिवृत अधिकारी को भय मुक्त कराया गया है और मामले की जांच शुरू की गई है।

मनी लॉन्ड्रिंग का दिया गया था झांसा- पूछताछ में वृद्ध ने बताया कि वे सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी (लेफ्टिनेंट) हैं एवं अपनी पत्नी के साथ ग्राम लैकोड़ा में निवास करते हैं। बीते दिन दोपहर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगातार स्वयं को मुंबई पुलिस अधिकारी बताकर कॉल किए जा रहे थे। ठगों द्वारा यह बताया गया कि उनके नाम की एक सिम का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है, उनका नाम ब्लैकलिस्ट हो गया है, अब तक 136 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और वे 137 वें नंबर पर हैं। विश्वास दिलाने के लिए व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से पुलिस कार्यालय जैसा दृश्य एवं पुलिस वर्दी में व्यक्तियों को दिखाया गया। उन्हें रात भर सोने भी नहीं दिया गया और कई तरह के सवाल किए जाते रहे। बैंक खुलने पर सुबह हुआ तत्काल एसबीआई शाखा नई सड़क पहुंचे थे।